R.N I NO.
UPHIN/2015/60902

डाक पंजियन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन.पी./489/2015-2017

वर्ष : 9
अंक : 158
लखनऊ
गुरुवार, 28 सितम्बर 2023
पृष्ठ : 8
मूल्य : 3 रुपया

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
www.theachievertimes.com

# द अचीवर टाइम्स







आग में झुलसे लोगों को मोहाली के अस्पताल में लाया गया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।



मोहाली में केमिकल फैक्ट्री से निकल रहा धुआं दूर-दूर तक फैल गया है।



मोहाली में फैक्ट्री में आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं।

## मोहाली में केमिकल फैक्ट्री में आग, 8 झुलसे

### एक्सपायरी तारपीन तेल को ड्रम में डालते वक्त हुआ ब्लास्ट

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मोहाली के कुराली में फोकल पॉइंट स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई है। जिसमें करीब 5 महिलाओं समेत 8 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। इनमें से 2 महिलाओं को मोहाली से चंडीगढ़ रेफर किया गया है। जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर मोहाली के अलावा रोपड़ की हेल्थ टीमों को भेज दिया गया है।

आग लगते ही पूरे आसमान में धुएं का गुबार छा गया है। आग बुझाने के लिए करीब 24 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फैक्ट्री के अंदर से धमाकों की आवाज आ रही है। आसपास के इलाके में आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ होने लगी है।

जिस समय आग लगी उस समय फैक्ट्री के अंदर करीब 25 कर्मचारी काम कर रहे थे। जिस जगह पर आग लगी थी, वहां पर 5 से 7 लोग मौजूद थे। उन्हें फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आकर बाहर निकाला था। वही इस हादसे में सबसे ज्यादा झुलसे हैं। बाकी सभी कर्मचारी धमाके की आवाज सुनकर तुरंत बाहर भाग गए थे।

घटना के बाद मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने बताया कि फैक्ट्री में एक्सपायरी डेट का तारपीन का तेल रखा हुआ था। जब कुछ कर्मचारी उस तेल को ड्रम में डालने लगे तो उसमें अचानक से धमाका हो गया। इसके कारण पूरी फैक्ट्री में आग लग गई।

आग का शिकार हुई दो महिलाएं अंजू और संध्या कुमारी 70% तक झुलस गई हैं। उन्हें मोहाली के फेज -6 स्थित अस्पताल से चंडीगढ़ के ऋद्दउल्र-32 के लिए रेफर कर दिया है। निभा कुमारी, जयदेव देवी और दिलजीत कौर का मोहाली फेस 6 सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

यह आग फैक्ट्री के अंदर रखे हुए केमिकल में लगी हुई है। इस कारण यह बढ़ती जा रही है। अब इस आग को बुझाने के लिए मोहाली से विशेष केमिकल मंगाया जा रहा है। दोपहर करीब 1:30 बजे आग बुझाने के दौरान फैक्ट्री में दो धमाके हुए हैं। यह धमाके केमिकल से भरे ड्रम के फटने से बताई जा रहे हैं। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी बड़ी सावधानी के साथ आग को बुझा रहे हैं, क्योंकि यह केमिकल ड्रम फटने के साथ बाहर आने की संभावना है।

केमिकल फैक्ट्री में आग अभी भी तेजी से बढ़ती जा रही है। मौके पर काफी तेज हवा चलने के कारण आसपास की दूसरी फैक्ट्री में भी आग का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर दूसरी फैक्ट्री से भी मजदूरों को बाहर निकलना शुरू कर दिया है। वहीं, आग लगने के बाद मदद के लिए पंजाबी गायक कंवर ग्रेवाल आगे आए हैं। वह आज खरड़ कुराली रोड स्थित प्रभ आसरा आश्रम में आए हुए थे। जब उन्होंने धुएं के गुब्बारे आसमान में देखे तो वह वहां से निकलकर कुराली केमिकल फैक्ट्री पहुंच गए। उन्होंने यहां लोगों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया है। वह अपने साथ प्रभ आसरा आश्रम से एंबुलेंस लेकर पहुंचे हैं।

#### मदद के लिए आगे आए गायक कंवर ग्रेवाल

वहीं, आग लगने के बाद मदद के लिए पंजाबी गायक कंवर ग्रेवाल आगे आए हैं। वह आज खरड़ कुराली रोड स्थित प्रभ आसरा आश्रम में आए हुए थे। जब उन्होंने धुएं के गुब्बारे आसमान में देखे तो वह वहां से निकलकर कुराली केमिकल फैक्ट्री पहुंच गए। उन्होंने यहां लोगों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया है। वह अपने साथ प्रभ आसरा आश्रम से एंबुलेंस लेकर पहुंचे हैं। केमिकल फैक्ट्री में आग अभी भी तेजी से बढ़ती जा रही है। मौके पर काफी तेज हवा चलने के कारण आसपास की दूसरी फैक्ट्री में भी आग का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर दूसरी फैक्ट्री से भी मजदूरों को बाहर निकलना शुरू कर दिया है।

## असम-मेघालय के बीच सीमा विवाद फिर हिंसक हुआ

**विवाद**

**शिलांग (एजेंसी)।** असम और मेघालय के बीच सीमा विवाद एक बार फिर हिंसक हो गया है। 26 सितंबर को बॉर्डर के पास स्थित एक गांव में झड़प हुई। पुलिस ने बताया, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धनुष-बाण और गुलेल से हमला किया। बुधवार को इस विवाद के फोटो-वीडियो वायरल हुए। यह भिड़ंत मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले और असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले के बीच सीमा पर स्थित लापांगप गांव में हुई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दोनों राज्यों की पुलिस टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया, लोगों को समझाइश दी।



#### 2022 में हिंसक घटना में 6 लोगों की मौत हुई थी

असम-मेघालय के बीच इस तरह की हिंसक घटनाएं होती रही हैं। पिछले साल नवंबर में बॉर्डर पर एक विवादित जमीन पर मुकरोह में गोलीबारी की घटना में मेघालय के पांच और असम के एक फॉरेस्ट गार्ड सहित छह लोग मारे गए थे। बताया गया था कि सीमा से सटे जंगल से कुछ लोग ट्रक से तस्करी करके लकड़ी ले जा रहे थे। असम पुलिस और फॉरेस्ट विभाग ने उन्हें पश्चिम जयंतिया हिल्स के मुकरोह में रोका तो फायरिंग शुरू हो गई। खबर फैलते ही मेघालय के 7 जिलों में हिंसा भड़क गई थी।


## मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में एएफएसपीए छह महीने बढ़ाया गया

### 19 थाने छोड़कर पूरा राज्य डिस्टर्ब एरिया घोषित

**प्रदर्शन**

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में एएफएसपीए अभी लागू रहेगा। सरकार ने इसे 1 अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। सिर्फ 19 थाना क्षेत्रों को इससे अलग रखा गया है।

जिन 19 थाना क्षेत्रों को एएफएसपीए से अलग रखा गया है, उनमें इंफाल, लेंफेल, सिटी, सिंग्जमेई, सेकमई, लामसांग, पत्सोई, वांगोई, पोरोमपट, हेंगेंग, लामलाई, इरिलबुंग, लेमखोंग, थोबुल, बिष्णुपुर, नांबोल, मोइरोंग, काकचिंग और जिरिबम शामिल हैं। इस बीच, राज्य में दो लापता स्टूडेंट्स की हत्या के विरोध के बाद में हिंसा बढ़ गई है।



26 सितंबर को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। जिसमें पुलिस को गोली चलानी पड़ी। बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी प्रदर्शन हुआ। हजारों छात्र सड़क पर विरोध जताने उतरे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की जिसमें कुछ स्टूडेंट घायल हुए।

वहीं इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम की महिला शाखा ने भी पांच महीने के दौरान आदिवासियों की हत्या और बलात्कार की उइकजांच के आदेश में देरी के खिलाफ चुराचांदपुर में प्रदर्शन किया।उधर स्टूडेंट की हत्या की जांच के लिए उइकआज इंफाल जाएगी।

यह जानकारी मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में केंद्र और राज्य सरकार साथ मिलकर काम कर रही हैं। दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

23 सितंबर : राज्य में 23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दो स्टूडेंट्स के शवों की फोटो सामने आई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है।

साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों स्टूडेंट्स एक दुकान में लगे उउळश कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है।

#### मणिपुर सरकार ने कहा- मामले की जांच सीबीआई कर रही

मुख्यमंत्री ऑफिस के सूत्रों ने बताया- सरकार ने कहा है कि जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सुरक्षाबलों ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें। वहीं, राज्य सरकार ने सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों को 27 सितंबर और 29 सितंबर को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी टिम्बर एसोसिएशन ने डॉ. दिनेश शर्मा को दी बधाई

**लखनऊ।** आज उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी, विधिक सलाहकार अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, अधिवक्ता सौरभ गुप्ता, संरक्षक अख्तर खान द्वारा डॉ. दिनेश शर्मा जी के आवास पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हे राज्यसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर उत्तर प्रदेश के सभी पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों की ओर से बधाई दी गई। मोहनीश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. दिनेश शर्मा जी भाजपा के एक एक कार्यकर्ता के अभिवावक हैं वह सभी कार्यकताओं से हमेशा प्रेम भाव से मिलते है। डॉ. दिनेश शर्मा को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाए जाने से सभी कार्यकर्ता व उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन का हर एक पदाधिकारी खुश है व भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व एवम् माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करता है।

### यूपी पीईटी एग्जाम का शेड्यूल जारी,28 और 29 अक्टूबर को होगी परीक्षा, 2 घंटे का होगा एग्जाम

**लखनऊ।** यूपीएसएसएससी यानी उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी) का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया है। अक्टूबर माह के अंतिम शनिवार और रविवार यानी 28 और 29 अक्टूबर को परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। दोनों दिन 2 शिफ्ट में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की बड़ी संख्या देखते हुए पीईटी परीक्षा का आयोजन 2 दिन में किया जाता हैं। यूपीएसएसएससी ने पीईटी परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की शुरूआत 1 अगस्त से हुई थी। 30 अगस्त 2023 तक ऑनलाइन आवेदन की लास्ट डेट थी। वही आवेदन में संशोधन की आखरी तारीख 6 सितंबर है। यूपी एएनएम मंडी परिषद संयुक्त संवर्ग, राजस्व लेखपाल पद, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन, आईटीआई अनुदेशक, सम्मिलित तकनीकी सेवा, वन रक्षक और वन्य जीव रक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी, एक्स-रे टेक्नीशियन, एग्रीकल्चर असिस्टेंट, राजस्व विभाग में जूनियर असिस्टेंट, अकाउंटेंट एवं ऑडिटर, गन्ना विभाग में सर्वेयर जैसे पदों पर भर्ती के लिए पहले पीईटी परीक्षा देना अनिवार्य हैं। यूपी सरकार के ग्रुप सी पदों पर भर्ती में हिस्सा लेने के लिए यह परीक्षा देना अनिवार्य है। पीईटी 2022 का स्कोर 24 जनवरी 2024 तक के लिए मान्य है। आयोग द्वारा इस बाद जो भी भर्ती के विज्ञापन निकाले जाएंगे उनमें पीईटी 2023 का स्कोर मान्य होगा।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को मारी गोली,हालत गंभीर, ट्रामा सेंटर में चल रहा इलाज

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के मडवाना में रविवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते एक 33 वर्षीय जगपाल नामक युवक को गोली मार दी। घटना के समय जगपाल अपने गांव में घूम रहा था। तभी पीछे से आकर उसकी पीठ पर गोली मार दी। आनन-फानन में घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही चार लोगों ने मिलकर पूरी घटना को अंजाम दिया है। वहीं गोली लगने से घायल जगपाल की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के चंदन व तीन अन्य लोगों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया है। इन सभी ने योजना बनाकर मेरे पति को गोली मारी है। गोली लगने से उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पति का ट्रामा सेंटर में इलाज जारी है। पुलिस टीम मामले की पड़ताल कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### पर्यटन मंत्री ने दी शिक्षक दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री  जयवीर सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों खासतौर से गुरूजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने गुरूजनों की सुख समृद्धि के साथ ही मंगलमय जीवन की कामना की है। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर दिये गये संदेश में जयवीर सिंह ने कहा है कि 05 सितम्बर, 1888 को देश के दूसरे राष्ट्रपति दार्शनिक, लेखक, शिक्षक एवं ओजस्वी वक्ता, भारत रत्न डॉ एस राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उनका मानना था कि गुरूजनों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि शिक्षक का उत्तरदायित्व मात्र शिष्यों को शिक्षित ही नहीं करना है बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।  जयवीर सिंह ने कहा है कि शिक्षक युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का श्रोत होता है। उन्हें छात्रों के लिए एक आदर्श शिक्षक की भूमिका में रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक की देश के लिए डाक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति देने वाली पीढ़ी तैयार करता है। वास्तव में शिक्षक भविष्य निमार्ता होता है। इसलिए शिक्षक दिवस पर उनका सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करनी चाहिए।

### बेसिक शिक्षा महकमा,जीरो वैकेंसी वाले जिलों में भी सैकड़ों पद खाली

**लखनऊ।** जिन जिलों में जीरो वैकेंसी दिखाकर परिषदीय प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों का तबादला करने से इनकार कर दिया गया था, वहां शिक्षकों के सैकड़ों पद खाली हैं। आरटीआई के तहत रिक्त पदों की सूचना मिलने के बाद तबादले से वंचित शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका की है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल की ओर से 26 जून को परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत 16614 शिक्षकों का अंतर जनपदीय तबादला किया गया था। सरकार ने इसके लिए गाइडलाइन तय की थी कि जिले में स्वीकृत पदों के सापेक्ष दस फीसदी ट्रांसफर होंगे।हाईकोर्ट में याचिका करने वाले मेरठ के शिक्षक हिमांशु राणा का कहना है कि 11 जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में शून्य पद दिखाकर तबादले नहीं किए गए थे। गौतमबुद्धनगर में शून्य पद दिखाए गए थे लेकिन आरटीआई से मिली सूचना के मुताबिक सहायक अध्यापकों के 655 पद रिक्त दिखाया गया। वहां स्वीकृत पद 2047 हैं लिहाजा दस प्रतिशत के हिसाब से 200 पदों पर ट्रांसफर होने चाहिए थे। मेरठ में भी 389 पद रिक्त हैं। मुजफ्फरनगर में भी 720 पद रिक्त हैं और कुल स्वीकृत पद 3194 के सापेक्ष लगभग 319 तबादले होने चाहिए थे। रिक्त हजारों पदों पर तबादले  होने चाहिए। याचिका करने वाले हिमांशु का कहना है कि शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने विधानसभा में बताया था कि प्राथमिक स्कूलों में 85,152 और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के 41,338 पद रिक्त हैं। शिक्षामित्र व अनुदेशकों को मिलाकर छात्र-शिक्षक अनुपात बराबर किया जा रहा है

## महिला कांस्टेबल के साथ पुलिस कमिश्नर ऑफिस में छेड़छाड़

**लखनऊ।** लखनऊ में महिला कांस्टेबल के साथ लखनऊ पुलिस कमिश्नर कार्यालय में तैनात कांस्टेबल द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है।महिला ने इस संदर्भ में बड़े बाबू से शिकायत की है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अपराध आकाश कुलहरी ने बताया कि महिला कांस्टेबल ने महानगर स्थित बड़े बाबू कार्यालय में तैनात एक हेड कांस्टेबल पर अभद्रता का आरोप लगाया है। शिकायत पत्र की आंतरिक समिति के तहत जांच की जा रही है। जांच समिति का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त मध्य कर रहे हैं।महानगर स्थित पुलिस कमिश्नर ऑफिस में महिला के साथ रक्षाबंधन के दिन छेड़छाड़ की घटना हुई। महिला ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन वह ज्वाइन करने के लिए कार्यालय पहुंची थी वहां पर मौजूद हेड कांस्टेबल ने उसके साथ अभद्रता की। पीड़ित कांस्टेबल के मुताबिक उसकी पोस्टिंग बाराबंकी में थी पिछले दिनों उसका ट्रांसफर लखनऊ हुआ। वह ज्वाइन करने के लिए महानगर स्थित कार्यालय के कमरा नंबर 57 में पहुंची, वहां पर मौजूद एक हेड कांस्टेबल ने उसके साथ अभद्रता की। हेड कांस्टेबल ने उससे कुर्सी पर बैठने को कहा, महिला कांस्टेबल द्वारा कुर्सी पर बैठने के बाद हेड कांस्टेबल उसके साथ बदसलूकी करने लगा। हेड कांस्टेबल ने महिला को मनचाही पोस्टिंग दिलाने का वादा भी किया। आरोप लगाया कि हेड कांस्टेबल ने मनचाही पोस्टिंग का लालच देकर उसे झांसे में लेने की कोशिश की। इसके बाद महिला कांस्टेबल चुपचाप वहां से चली गई। घटना के बाद शुक्रवार को महिला ने अपने साथ हुए इस बर्ताव की शिकायत महानगर स्थित बड़े बाबू के कार्यालय में की। बड़े बाबू को फोन में फोटो दिखाकर आरोपी हेड कांस्टेबल की पहचान की। महिला द्वारा दी गई लिखी शिकायत के बाद मामले की जांच की जा रही है। महिला का कहना है की घटना के बाद से अभी तक आरोपी हेड कांस्टेबल के

## प्रधानाचार्यों, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का 11 सितम्बर तक जारी होगा प्रथम वेतन

**लखनऊ।** गैर जनपदों से लखनऊ स्थानान्तरित प्रधानाचार्यों, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के प्रथम वेतन बिल प्रत्येक दशा में 11 सितम्बर तक पारित कर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। यह निर्णय आज जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार तथा जिला संगठन की ओर से प्रदेशीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा आर पी मिश्र, प्रदेश मंत्री डा आरके त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला मंत्री महेश चन्द्र तथा कोषाध्यक्ष विश्वजीत सिंह के साथ हुई संयुक्त वार्ता में लिया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा आर पी मिश्र ने बताया कि अन्य जनपदों से बालक विद्यालयों में 38 एवं बालिका विद्यालयों में 48 प्रधानाचार्यों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के स्थानान्तरण हुए है। स्थानान्तरित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के प्रथम वेतन भुगतान के लिए दलालों के माध्यम से घूसखोरी के प्रयास पर रोक लगाने के लिए जिला संगठन की मांग पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने 29 अगस्त को बालक विद्यालयों एवं 30 अगस्त को बालिका विद्यालयों के प्रथम वेतन बिल की पत्रावली के परीक्षण के लिए विशेष कैम्प आयोजित किया था।जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिलामंत्री महेशचन्द्र ने बताया कि विशेष कैम्प के पहले दिन 29 अगस्त को संगठन पदाधिकारियों ने लेखाधिकारी के साथ पत्रावलियों के निस्तारण की समीक्षा की। लेखाधिकारी ने उस समय पत्रावली के सामान्य परीक्षण के लिए बालक विद्यालय की 24 पत्रावलियॉ सम्बन्धित माध्यमिक पटल के सहायकों एवं लेखाकारों को सौप दी।सायं लगभग 04 बजे जब जिला संगठन के पदाधिकारी लेखाधिकारी के पास पहुचे तो वे कार्यालय मे नही थे। माध्यमिक पटल के सहायक सर्वेश ने बताया कि लेखाधिकारी द्वारा बाद में कुछ सूचनाएं मागी गई हैं। 29 एवं 30 अगस्त को लेखाधिकारी ने किसी पत्रावली पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। लेखाधिकारी द्वारा मांगी गई सूचनाएं अधिकारविहीन एवं अनर्गल सूचनाएं मांगी गई थी।जिला संगठन द्वारा 01 सितम्बर को सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारियों को देते हुए तत्काल वेतन भुगतान की मांग की। जिला विद्यालय निरीक्षक के आमंत्रण पर प्रदेशीय उपाध्यक्ष डा आरपी मिश्र के साथ संगठन के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार से उनके कार्यालय पहुँच कर संयुक्त वार्ता की। वार्ता के पश्चात जिला विद्यालय निरीक्षक एवं लेखाधिकारी ने 11 सितम्बर वेतन बिल पारित कर तक वेतन भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने का आश्वासन दिया। शिक्षक नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 11 सितम्बर तक वेतन भुगतान की कार्यवाही नहीं की गई तो जिला संगठन आन्दोलन को बाध्य होगा।

## फ्लिपकार्ट के द बिग बिलियन डेज की तैयारियों ने पकड़ी तेजी

**लखनऊ।** आगामी वार्शिक फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के 10वें संस्करण की तैयारियों में जुटे फ्लिपकार्ट इस त्योहारी सीजन से पहले ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए देशभर में अपनी सप्लाई चेन में नियुक्तियां करने और सीमित समय के लिए लाखों रोजगारों के सृजन की दिशा में काम कर रहा है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन कस्टमर एक्सपीरियंस एंड रीकॉमर्स के हेड हेमंत बद्री ने कहा टीबीबीडी विस्तार करने भारत के लिए इनोवेट करने और पूरी व्यवस्था पर प्रभाव डालने पर केंद्रित है। यह लाखों नए ग्राहकों को ई-कॉमर्स की अच्छाई को अनुभव करने का मौका देता है। इनमें कई ग्राहक पहली बार ई-कॉमर्स से जुड़ते हैं। टीबीबीडी के दौरान सामने आने वाली जटिलता और इसके आकार को देखते हुए हमें क्षमता, स्टोरेज, प्लेसमेंट, सॉर्टिंग, पैकेजिंग, ह्यूमन रिसोर्स, ट्रेनिंग, डिलीवरी और पूरी सप्लाई चेन को विस्तार देने की जरूरत होती है और यह विस्तार हमेशा अप्रत्याशित होता है। हम देशभर में अपनी पहुंच को बढ़ा रहे हैं और ऐसे में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने के लिए कौशल विकास की पहल में निवेश करने के साथ-साथ हम लाखों नए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहे हैं। इस साल 40 प्रतिशत से ज्यादा शिपमेंट अपने किराना डिलीवरी प्रोग्राम के माध्यम से डिलीवर करने की हमारी योजना है। हम हर साल अपने सप्लाई चेन की क्षमता को बढ़ा रहे हैं और हमारा लक्ष्य केवल पार्टनर्स की समृद्धि को बढ़ाना ही नहीं है, बल्कि भारत के दूरदराज के क्षेत्रों तक विविध उत्पादों की डिलीवरी को विस्तार देने में उनके योगदान को बढ़ाना भी है। विविधता और सक्रिय वर्कफोर्स ही फ्लिपकार्ट के सप्लाई चेन की विशिष्टता का आधार है। त्योहारी सीजन से पूर्व फ्लिपकार्ट फुलफिलमेंट सेंटर, सॉर्टेशन सेंटर और डिलीवरी हब समेत अपनी संपूर्ण सप्लाई चेन में 1,00,000 से ज्यादा नए रोजगार के अवसर सृजित करेगा। सीमित




समय के इन रोजगारों में लोकल किराना डिलीवरी पार्टनर, महिलाओं, दिव्यांगों व अन्य के लिए अवसर होंगे, जिससे सप्लाई चेन में विविध प्रतिभाओं की उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इस साल, फ्लिपकार्ट ने लास्ट-माइल डिस्ट्रीब्यूशन हब और बड़े फुलफिलमेंट सेंटर के माध्यम से अपनी सप्लाई चेन को विस्तार दिया है। इससे टियर-3 शहरों और उससे आगे दूरदराज के क्षेत्रों तक डिलीवरी सुनिश्चित होगी। इसने उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और कई अन्य राज्यों में 19 लाख वर्ग फीट से ज्यादा स्पेस जोड़ा है। ग्राहकों को शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए फ्लिपकार्ट ने विशेष रूप से तैयार कौशल विकास की पहल को भी अपनाया है, जिनके तहत सप्लाई चेन से जुड़ने वाले कर्मियों के लिए प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है। सभी नियुक्त किए गए लोगों को सप्लाई चेन में उनकी भूमिका के हिसाब से ट्रेनिंग दी जाती है। उन्हें हैंड-हेल्ड डिवाइस, पीओएस मशीन, स्कैनर, विभिन्न मोबाइल एप व अन्य को चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इससे ये लोग तकनीक आधारित सप्लाई चेन, फूड टेक व अन्य संबंधित उद्योगों में भविष्य के रोजगार के लिए तैयार भी होते हैं। त्योहारी सीजन और बिग बिलियन डेज हमारे किराना डिलीवरी पार्टनर्स, सेलर्स, एमएसएमई, कारीगरध्बुनकर, वेयरहाउस पर्सनल व अन्य समेत संपूर्ण व्यवस्था के विकास के महत्वपूर्ण वाहक बनते हैं, जो कि इस पूरी गतिविधि में अग्रिम पंक्ति में होते हैं। इस त्योहारी सीजन से उन्हें देशभर में बढ़ी हुई शिपमेंट डिलीवरी का लाभ लेने और सप्लाई चेन का हिस्सा बनकर अपनी आय एवं समृद्धि बढ़ाने का अवसर मिलता है। अपनी सप्लाई चेन की क्षमता का लाभ लेते हुए फ्लिपकार्ट पूरी दमदार उपस्थिति के साथ अपने वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट के 10वें संस्करण के लिए पूरी तरह तैयार है। यह इवेंट पूरे ई-कॉमर्स सेक्टर के परिदृश्य को दिखाता है और लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करता है।

## घोसी उपचुनावः जनता बीजेपी को हराकर देगी देश को संदेशः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घोसी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी को हराकर पूरे देश में एक संदेश देने की अपील की। अखिलेश ने लखनऊ में जारी अपील में कहा, घोसी के मतदाताओं से आज मैं कुछ खास कहना चाहता हूं। आज से पहले पूरे देश में घोसी कभी भी इतना अधिक चर्चा में नहीं रहा, क्योंकि भाजपा के शासन में महंगाई, भ्रष्टाचार और अत्याचार से पीड़ित देशभर की जनता को लग रहा है कि घोसी की जनता भाजपा को हराकर पूरे देश को एक संदेश देगी कि दलबदल करने वाले नेताओं को वह खुलकर हराएगी और विधायकों को खरीदने वाली भाजपा को सबक सिखाएगी। सपा



प्रमुख ने कहा कि जनता उसी को चुनेगी, जो दुख-दर्द में उसके साथ खड़ा होता है और उसके काम भी आता है।घोसी विधानसभा सीट पर उपचुनाव व 2022 में यहां से निर्वाचित दारा सिंह चौहान के सपा छोड़ भाजपा में शामिल होने और विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण कराया जा रहा है। उपचुनाव के लिए पांच सितंबर को मतदान होगा, वोटों की गिनती आठ सितंबर को की जाएगी। भाजपा ने इस उपचुनाव में चौहान को ही अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि सपा ने सुधाकर सिंह को टिकट दिया है। अखिलेश ने मतदाताओं के नाम जारी अपील में कहा, आप समूह बनाकर एक साथ वोट करने जाएं और किसी के दबाव में न आएं। अगर कोई दबाव डाले, तो तुरंत वीडियो बनाकर हमारे कार्यकताओं को सूचित करें। अपना वोट जरूर डालें और याद रखें-एक भी वोट घटने न पाए, एक भी वोट बंटने न पाए। उन्होंने कहा, सिर्फ मतदान ही नहीं, उसके बाद भी आठ तारीख को नतीजे आने तक चौकन्ने रहकर अपने मतों की निगरानी करें और जीत का प्रमाणपत्र लेकर ही वापस आएं। अखिलेश ने कहा, आज जिस तरह से घोसी में जाति, धर्म और दल से परे हर कोई सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह को जिताने के लिए तैयार है, वैसा उत्साह पहले कभी नहीं देखा गया। इस चुनाव में असली जीत सपा या सपा के प्रत्याशी सुधाकर सिंह की नहीं बल्कि जनता की होगी, साइकिल का बटन दबाएं और खुद को जिताएं।

## गंदे कूड़े से हो रहा ऐशबाग रामलीला मैदान का पटान, जनता में आक्रोश

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित प्राचीन ऐशबाग रामलीला मैदान जहां प्रत्येक वर्ष दशहरे में राम लीला का आयोजन व दशहरा पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। तथा प्राचीन समय से ऐशबाग रामलीला मैदान हिंदू समाज की आस्था का केंद्र है। इस स्थान की विशेषता इस बात से भी लगाई जा सकती है कि वर्ष 2017 मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहीं से चुनाव का आगाज किया था। एवं संत शिरोमणि तुलसीदास ने यहां प्रवास किया लेकिन आज ऐशबाग रामलीला मैदान का व्यवसायीकरण एवं उसकी हरियाली को छिन्न-भिन्न करने एवं दयनीय स्थित कर देने पर क्षेत्र वासियों में खासा आक्रोश है। उनका कहना है की पवित्र धर्मस्थली को शहर के गंदे कूड़े कचरे से गड्ढ की भरान की जा रही है। जिस पर सूत्रों का कहना है की ऐशबाग रामलीला मैदान के रखरखाव व सौंदर्य करण के लिए सरकारी फंड भी दिया जाता रहा है। तथा शादी विवाह जैसे कार्यक्रमों के आयोजन में अच्छा खासा पैसा प्राप्त होता है। बावजूद इसके जहां पैसे की कोई कमी ना हो वहां ऐसा अनैतिक कार्य क्यों किया जा रहा है। इस घटना को देखते हुए क्षेत्र वासियों की मांग है की जल्द से जल्द यह गंदा कूड़ा कचरा हटाकर स्वच्छ मिट्टी से रामलीला स्थल का पटान कार्य किया जाए। तथा क्षेत्र वासियों का यह भी कहना है की सरकार रामलीला स्थल की स्वच्छ कमेटी का चुनाव कराकर गठन किया जाए जिससे हमारी भावनाएं आहत न हो और हमारे धर्मस्थल की रक्षा हो सके । इस घटना पर ऐशबाग क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के पार्षद संदीप शर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया की क्षेत्र के लोग हमारे पास इस समस्या को लेकर आए है। उन्होंने जल्दी समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया है।

## डालीगंज जैन मन्दिर में विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन

**लखनऊ।** श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा द्वारा आचार्य विशद सागर महाराज व मुनिश्री विशाल सागर महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय महामृत्युंजय विधान रविवार को सम्पन्न हुआ। विधान के बाद विश्व शांति महायज्ञ एवं 1008 मंत्रो के साथ सहस्त्रनाम पाठ किया गया। जिसमें 1008 कमल के फूलों से भगवान की भक्ति की गई। इस अवसर पर जैन धर्म प्रवर्धिनी सभा के अध्यक्ष विनय जैन एवं सुबोध जैन ने सभी का स्वागत किया। भगवान का प्रथम कलश करने का सौभाग्य सिद्धार्थ जैन और भगवान की शांति धारा करने का सौभाग्य  संजीव जैन मोती नगर को प्राप्त हुआ। सहस्त्रनाम मंत्रो से 1008 पुष्पों को चढ़ाने का सौभाग्य सिद्धार्थ जैन परिवार को प्राप्त हुआ। सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन की अध्यक्षता में हुये कार्यक्रम में बाईजी, संजीव जैन, सुबोध जैन, सिद्धार्थ जैन, वीर कुमार जैन, रितेश जैन, अमरचंद जैन, सुशील जैन मौजूद रहे। प्रवचन में आचार्य श्री ने कहा कि भगवान आदिनाथ के 1008 नामों का जाप करने से सारे संकट टल जाते हैं। साथ ही गृहस्थ आश्रम मे सुख और शांति आती है। आचार्य श्री ने कहा कि महामृत्युंजय विधान से काल मृत्यु, रोग, शोक टल जाते हैं।

## लोकसभा चुनाव के पहले शिवपाल भाजपा में शामिल हो जाएंगे

**लखनऊ।** यूपी के पूर्व मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के पहले सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव हमारे साथ (एनडीए में) आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की तरह यूपी में भी बड़ा उलटफेर होगा। राजभर ने कहा कि इस संबंध में अंदरखाने बातचीत चल रही है। लोकसभा चुनाव के पहले शिवपाल पाला बदल लेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनसे (शिवपाल सिंह यादव) भाजपा में शामिल होने की बात कही थी जिस पर शिवपाल ने भी उन्हें आश्वासन दिया था।

## ट्रेन में महिला सिपाही के खून से लथपथ मिलने के मामले में एसपी रेलवे पेश,सुनवाई 13 सितंबर को

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को महिला पुलिस के सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में खून से लथपथ मिलने की घटना की पूरी जानकारी ली। एसपी रेलवे लखनऊ पूजा यादव ने कोर्ट को बताया कि पांच टीमें मामले की जांच कर रही हैं जिसमें  सीओ और डिप्टी एसपी रैंक के ऑफिसर शामिल हैं। कोर्ट ने घायल सिपाही की स्थिति  जानी। एसपी ने बताया कि केजीएमयू में सिपाही का उपचार चल रहा है। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को महिला के पास जाकर बयान लेने के लिए कहा है। रेलवे को जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। सुनवाई की तिथि 13 सितंबर तय की है। मामले का इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। मामले में सीजे के व्हाट्सएप पर पत्र याचिका मिलने के बाद रात को अदालत लगाई गई। कोर्ट ने रेलवे और अयोध्या  के पुलिस अधिकारियों को सोमवार को पूरी जानकारी के साथ मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की अदालत में तलब किया है। सरयू एक्सप्रेस में अर्धनग्न अवस्था में खून से लथपथ महिला सिपाही के मामले में सोमवार को एसपी रेलवे लखनऊ पूजा यादव मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की अदालत में पेश हुईं। कोर्ट ने उनसे घटना के संबंध में पूरी जानकारी हासिल की। एसपी रेलवे ने कोर्ट को बताया कि अभी तक कोई भी साक्ष्य पुलिस के हाथ नहीं लगा है। मामले की छानबीन की जा रही है। एसपी ने कहा कि महिला सिपाही के साथ दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। मामले को पुरानी रंजिश से भी जोड़कर देखा जा रहा है। लखनऊ के अस्पताल में भर्ती महिला सिपाही से पूछताछ की कोशिश की गई लेकिन हालात नाजुक होने कारण बातचीत नहीं हो सकी है।हाईकोर्ट में एसपी रेलवे के मुताबिक इंजन को लेकर ट्रेन में 15 डिब्बे थे। घटना के समय ट्रेन में करीब 100 लोग सवार थे। औसतन एक डिब्बे में पांच से सात लोग मौजूद थे। पता चला है कि जिस बोगी में घटना हुई है उसको अभी तक सील भी नहीं किया जा सका है। कोर्ट ने पूछा कोई विवाद सामने आया है क्या। जिस पर एसपी ने बताया कि एक संपत्ति का विवाद सामने आया है, लेकिन अभी स्पष्ट नहीं है। बताया गया कि सिपाही कुछ बोल नहीं पा रही है। कोर्ट ने 13 सितंबर को पूरी जानकारी के साथ उपस्थित होने का आदेश जारी किया। हाईकोर्ट में राज्य सरकार के शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार संड ने बताया कि इस मामले को लेकर अधिवक्ता राम कौशिक ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को पत्र याचिका प्रेषित की थी। कोर्ट ने पत्र याचिका का संज्ञान लिया है। रेलवे और अयोध्या के पुलिस अधिकारियों को पूरी जानकारी के साथ बुलाया गया है। ट्रेन में मिली महिला सिपाही की पहचान प्रयागराज जिले के सोरांव क्षेत्र की निवासिनी के रूप में हुई है जो 1998 बैच की महिला सिपाही है। वह सुल्तानपुर में तैनात है। सावन मेला की ड्यूटी करने अयोध्या आ रही थी। इस दौरान उसके साथ बर्बर घटना घटी।

## कार की टक्कर से दिशा सूचक यूनीपोल गिरा, हादसे में चालक की मौत

**लखनऊ।** अंबेडकर उद्यान चौराहा पर लगा दिशा सूचक यूनीपोल कार की टक्कर से गिर गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। हादसा देर रात हुआ। राजधानी लखनऊ के गोमती नगर के अंबेडकर उद्यान चौराहा पर लगा दिशा सूचक यूनीपोल कार की टक्कर से गिर गया। दिशा सूचक कार पर ही गिरा जिसके नीचे दबकर वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार चालक की मौत हो गई।

# चिकित्सक हत्याकांड: परिजनों से भाजपा नेता मिले

## बोले-राक्षस रूप है हत्यारा, ऐसी क्रूरता कहीं नहीं देखी

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता सुनील भराला ने चिकित्सक हत्याकांड के बाद प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि यह यह जघन्य हत्याकांड है। जिस तरह की क्रूरता डॉक्टर की पत्नी ने बताई है, वैसी क्रूरता उन्होंने न कभी देखी है और न ही सुनी है।



उन्होंने कहा कि वे प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सारी जानकारी देंगे। तीन दिन में यदि ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो जिम्मेदार अफसरों पर भी कार्रवाई होगी। चिकित्सक घनश्याम तिवारी की शनिवार को शहर में ही हत्या कर दी गई थी। भाजपा नेता भराला राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेशाध्यक्ष संजय मिश्र और संगठन मंत्री रमाकांत मिश्र के साथ लंभुआ तहसील के सखौली गांव पहुंचे। भाजपा नेता ने चिकित्सक की पत्नी निशा और भाई रवींद्र नारायण तिवारी को आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। वहां से लौटने के बाद पयागीपुर के निकट एक होटल में उन्होंने मीडिया से भी बात की।उन्होंने कहा कि चिकित्सक की पत्नी ने बताया कि उनके शरीर में ड्रिल से सुराख बनाए गए थे। जो शरीर में सिर से लेकर ऊपर तक थे। उन्होंने बताया कि करीब सौ लोगों ने आरोपी अजय नारायण की क्रूरता, दबंगई और राक्षसरूप के बारे में बताया। कहा कि जंगलराज इस कदर था कि शासकीय कर्मचारियों ने भी बताया कि वह उनसे भी वसूली करता रहा है। इसलिए कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस कप्तान और डीएम को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि तीन दिन के भीतर इस मामले में कठोर कार्रवाई होगी। यदि अधिकारी ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में किसी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। कहा कि वे भाई और पत्नी को पूर्ण सुरक्षा,एक करोड़ रुपये मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दिलाने और खेत का पट्टा भी दिलाने की मांग करेंगे क्योंकि चिकित्सक घनश्याम तिवारी ही इस परिवार के एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति थे।

### तो सस्पेंड होंगे अधिकारी

सुलतानपुर। भाजपा नेता भराला से जब पूछा गया कि दो पुलिस चौकियों के करीब हुई इस घटना के बाद सारे वही अधिकारी-कर्मचारी कार्रवाई का जिम्मा उठा रहे हैं, जिनके दौर में यह जंगलराज पनपा था तो ऐसे में कार्रवाई की उम्मीद कितनी है? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि यही अधिकारी कार्रवाई नहीं करेंगे तो वे भी सस्पेंड किए जाएंगे।मुख्य आरोपी के परिवार के लोगों के भाजपा में होने और उसे पूरी तरह से सत्ता का संरक्षण मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई भी अपराधी नहीं रहेगा। जो ऐसे लोग हैं वे पार्टी से निष्कासित होंगे और यह स्थिति इसलिए बनी क्योंकि स्थानीय लीडरशिप ने कभी सरकार तक यह बात पहुंचाई ही नहीं।

# डॉ0घनश्याम तिवारी के परिवार से मिले विधायक मनोज पाण्डेय

सुलतानपुर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायबरेली जिले के ऊंचाहार से सपा विधायक मनोज पाण्डेय मंगलवार को देर शाम मृतक डॉक्टर घनश्याम तिवारी के परिवार वालों से मिले। उन्होंने कहा कि अपराधी निरंकुश है। उसने तालिबानी सजा दी, अंग्रेजों ने भी इस तरह की यातना नहीं दी होगी। उन्होंने कहा पीड़ित परिवार की मदद के लिए जिस स्तर तक जाना होगा हम जाएंगे। लंभुआ कोतवाली के सुखौली कलां में विधायक मनोज पाण्डेय के साथ पूर्व सांसद एवं वर्तमान इसौली से सपा विधायक ताहिर खान, पूर्व जिलाध्यक्ष पृथ्वी पाल यादव आदि पहुंचे थे। विधायक ने डॉक्टर के भाई से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ये मानवता को शर्मसार और क्रूरता की सारी सीमाओं को क्रॉस करने वाली ये घटना है। स्वतंत्र भारत में जहां इतना बड़ा हमारा संविधान है, वहां एक व्यक्ति कैसे इतनी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। इससे लगता है न उसे प्रशासन का डर था न शासन का कोई डर था।मनोज पाण्डेय ने आगे कहा कि इस घटना के बाद मैं समझता हूं सुल्तानपुर ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश के लोगों में डर और भय का माहौल व्याप्त है। इसमें सरकार को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना चाहिये। सरकार को हत्यारो को और हत्या में सहयोग करने वालों को गिरफ्तार करके मुकदमे को फास्ट ट्रैक कोर्ट में लाकर एक महीने में निस्तारण करना चाहिए।



## फास्ट न्यूज




### 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** हलियापुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर में वांछित 15 हजार के इनामिया को धर दबोचा। बुधवार को पुलिस टीम को अभियुक्त राजा सिंह उर्फ लखन पुत्र वीरेंद्र सिंह थाना क्षेत्र के तिरहुत सिक्स लेन ओवरब्रिज के पास मौजूद होने की सूचना मिली। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया। लेकिन उसे घेरकर पकड़ लिया गया।

### सोनावां में महिला लेखपाल से छिनैती का प्रयास

चांदा सुलतानपुर। क्राप सर्वे करने गयी महिला लेखपाल से बाइक सवार बदमाशो ने छिनैती का प्रयास किया। जब पीड़ित महिला लेखपाल रूपम गौतम से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मामाला चांदा कोतवाली क्षेत्र के सोनावा गांव का है। जहा तैनात महिला लेखपाल रूपम गौतम क्राप सर्वे के लिए सोनावा रामगंज मार्ग के सड़क के किनारे खड़ी होकर खेत की फोटो खीचकर उपलोड कर रही थी। तभी पीछे से एक बाइक पर तीन अज्ञात युवक नजदीक आ कर रुक गए। अवैध असलहा व चाकू से धमका कर गले में पहनी हुई सोने की चौन निकालने के लिए दबाव बनाने लगे। चैन न निकालने पर चाकू से प्रहार किया। जिससे हाथ में खरोच आयी। मामले की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा धीरज कुमार क्षेत्राधिकारी लम्भुआ अब्दुल सलाम खान उपजिलाधिकारी लम्भुआ दीपक वर्मा सहित पुलिस फोर्स ने घटना स्थल का जायजा लिया ।

### दो से आठ अक्टूबर, तक जनपद में स्वच्छता जागरूकता अभियान का होगा आयोजन-सचिव

सुलतानपुर। मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा मुख्य संरक्षक उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष02 अक्टूबर से सम्पूर्ण प्रदेश मेंजिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्देश दिया है। इस सम्बन्ध में कार्यपालक अध्यक्ष, उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया है। अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अभिषेक सिन्हा ने बताया है कि उक्त कार्ययोजना के अन्तर्गत दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर मध्य स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बड़ी संख्या में क्षेत्रीय आबादी को तथा जिले के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों को सम्मिलित करते हुए जनपद स्तर, तहसील स्तर व ब्लाक स्तर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान का प्रचार-प्रसार व प्रभातफेरी का आयोजन किया जाना है।



### कोहरे से पहले सड़क सुरक्षा के तकनीकी साधनों की तैयारी करें पूरी - डीएम

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के संबंध में स्टेक होल्डर के विभागों को आने वाले समय में सड़कों पर घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी को कम करने हेतु आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई तथा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षित सड़क यातायत के द्दष्टिगत यह आवश्यक है कि सड़क पर लगने वाले डिवाइडर पट्टी संकेतक एवं चेतावनी सूचक बोर्ड जो की कोहरे एवं सामान्य समय में भी वाहन को चलाने वालों की सुरक्षा में कारगर एवं सहायक सिद्ध होते हैं, उनकी तैयारी सड़क निर्माण एजेंसियों से पूर्ण करा लें। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, एनएचएआई के अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने विश्व पर्यटन दिवस पर टूरिस्ट बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सुलतानपुर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज विश्व पर्यटन दिवस-2023 के अवसर पर पर्यटन में रूचि रखने वाले युवा पर्यटन क्लब के छात्र छात्राओं से भरी टूरिस्ट बस को जिला सूचना अधिकारी पर्यटन सूचना अधिकारी के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में यूनाइटेड नेशसन्स वर्ल्ड टूरिज्म आर्गनाइजेशन द्वारा 27 सितम्बर, 2023 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर युवा पर्यटन क्लब के छात्रध्छात्राओं को पर्यटन और हरित निवेश थीम पर आधारित पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाना प्रस्तावित था। उक्त पर्यटन कार्यक्रम में केशकुमारी राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, सुभाष इण्टर कॉलेज पलिया, सुलतानपुर, मधुसूदन विद्यालय इण्टर कॉलेज सुलतानपुर के कुल 42 पर्यटक (19 छात्र, 15 छात्राएं, 01 प्राधानाचार्य, 05 शिक्षक, 02 शिक्षिकाएं) शामिल रहे।



जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में गठित युवा पर्यटन क्लब के छात्रध्छात्राओं को पर्यटन स्थल कमल सरोवर दुबौली, विकास खण्ड लम्भुआ, पौराणिक स्थल धोपाप धाम व बिजेथुआ महावीरन धाम का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर गठित युवा पर्यटन क्लब के सदस्य छात्रध्छात्राओं में पर्यटन के प्रति रूचि पैदा करने या पर्यटन में निवेश व रोजगार सृजन के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इस भ्रमण के माध्यम से इन क्लबों के युवा पर्यटन मित्र देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और उनके सभ्यतागत मूल्यों की जानकारी प्राप्त किये।

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर क्लब के छात्रध्छात्राओं में पर्यटन को लेकर काफी उत्साह दिखा। ज्ञात हो कि दिनांक 21 सितम्बर, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस (यू0एन0) के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता-डिस्ट्रिक्ट युवा पर्यटन कॉन्वक्लेब के माध्यम से विजेता छात्रध्छात्राओं का चयन किया गया, उन्हीं छात्रध्छात्राओं को पर्यटन टूर के लिये चिन्हित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी शैलेन्द्र मिश्र, उपजिलाधिकारी संजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रवि शंकर, जिला सूचना अधिकारी पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर, केशकुमारी राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज प्राधानाचार्य शैलेन्द्र चतुवेर्दी, शिक्षिका सीमा यादव, अंजना सिंह, शिक्षक जय प्रकाश विश्वकर्मा, अवधेश पाल सहित युवा पर्यटन क्लब के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# भा0 कृ0 अनु0 परिषद में वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की 67 वीं बैठक सम्पन्न

सुलतानपुर। ख्यालय पर वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की 67 वीं बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनवरी से सितम्बर 2023 की प्रगति आख्या पर विस्तार से चर्चा की गयी एवं आगामी वर्ष 2024 की कार्य योजना पर सदस्यों द्वारा गहन विचार विमर्श कर अनुमोदन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ उप कृषि निदेशक, के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 जे0 बी0 सिंह ने केन्द्र की कार्य पद्वति व समय समय पर तकनीकी हस्तांतरण के साथ भा0 कृ0 अनु0 परिषद द्वारा संचालित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। डा0 सिंह द्वारा जनवरी से सितम्बर 2023 की प्रगति आख्या व अक्टूबर- दिसम्बर, 2023 की आगामीकार्ययोजना के साथवर्ष 2024 (जनवरी से दिसम्बर) की कार्य योजना प्रस्तुत की गयी। प्रस्तुती करण के दौरान डा0 ए के सिंह, वैज्ञानिक-शस्य विज्ञान द्वारा प्रक्षेत्र परीक्षण पर विस्तृत जानकारी उपस्थित समस्त सदस्यों, कृषकों, कृषक महिलाओं एवं एफ.पी.ओं के निदेशक को दी गयी। जानकारी में जनपद की समस्त कृषक समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्त विभागों से आये हुए अधिकारी गणों से उन समस्याओं का निदान किस प्रकार किया जाय जिससे कि कृषकों की समस्याओं का निदान किया जा सकेत था किसानों की आय में वृद्धि की जा सके। डा0 वी पी सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक/ प्रमुख केवीके सुलतानपुर-2 ने अपने अभिवादन में कहाकि कृषि में आवश्यक सुधार के साथ ही किसान उत्पादक संगठन के प्रशिक्षण तथा एकीकृत कृषि प्रणाली का माड्यूल केन्द्र पर विकसित कर जनपद के किसानों को विशेष रूप से लघु एवं सीमान्त कृषकों के द्वार पर प्रदर्शन के रूप में एकीकृत कृषि प्रणाली को विकसित किया जाय जिससे कृषकों के बीच सही संदेश जाय। श्री रणविजय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, ने फसलों, सब्जियों एवं फलों के प्रदर्शन एवं परीक्षण में नवीनतम प्रजातियों का चयन, क्षेत्र की परिस्थिति एवं कृषकों की आवश्यकता के अनुसार चयन करने पर सुझाव दिया। डा0 ए के दुबे, वरिष्ठ वैज्ञानिक/प्रमुख, केवीके लखनऊ द्वारा आभासी माध्यम से प्रतिभाग करते हुए सुझाव दिया कि गन्ने की नवीनतम प्रजाति की बुवाई ट्रंच विधि से करके अंतः फसली प्रणाली अपनायी जाय जिससे कृषकों की आय दोगुनी हो सके। पशुचिकित्साधिकारी, ने पशुधन विकास की योजनाओं में कृषकों को कुक्कुट पालन, बकरी पालन, बत्तख पालन तथा बैकयार्डपोल्ट्री पर कौशल विकास प्रशिक्षण केवीके के माध्यम से आयोजित करने का सुझाव दिया। श्री एस पी मिश्र, वैज्ञानिक-केएनकेवीके द्वारा सुझाव दिया गया कि फलों से सम्बन्धित प्रदर्शन एवं उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण अधिक से अधिक आयोजित कराये जॉय जिससे उपज में वृद्वि के साथ कृषकों की आय में वृद्धि हो सके। मत्स्य पालन अधिकारी ने मत्स्य पालन प्रशिक्षण द्वारा आय सृजन एवं कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मानित प्रतिभागी कृषक/महिला कृषक द्वारा बकरी पालन, सब्जी नर्सरी उत्पादन एवं स्वयं सहायता समूहों को कौशल विकास प्रशिक्षण द्वारा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर सुझाव दिया। श्रीमती सुधा सिंह निदेशक एवं श्री अरूण कुमार सक्सेना, निदेशक, एफ.पी.ओ. ने कृषि उत्पादक संगठन ने जनपद के एफ पीओ के निदेशक मण्डल को केवीके के वैज्ञानिकों द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण एवं तकनीकी सुझाव देना चाहिए। उक्त अवसर पर उन्नतशील किसान कपिलदेव सिंह ने मत्स्य अधिकारी से मत्स्य पालन कृषकों को विकास खण्ड कादीपुर के कृषकों को मत्स्य अंगुलिकाएं उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया। प्रगतिशील किसान दिनेश कुमार एवं समरनाथ मौर्य एवं कृषक महिलाओं ने बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक को सफल बनाने में केवीके के वैज्ञानिक एस पी मिश्र, डा0 ए के सिंह, डा0 सी के त्रिपाठी, डा0 दिवाकर वर्मा, श्रीमती नीना सक्सेना एवं समस्त स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अन्त में डा0 सी के त्रिपाठी द्वारा जनपद के सदस्यों एवं कृषकों को धन्यावाद ज्ञापित किया गया। उक्त जानकारी केन्द्र के कृषि प्रसार वैज्ञानिक डा0 सी के त्रिपाठी द्वारा दी गयी।




# खराब प्रदर्शन वाले स्वास्थ्य कर्मी देखेंगे बाहर का रास्ता: डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**बैठक**

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में आयुष्मान सभा, सघन मिशन इंद्रधनुष, टीबी मुक्त पंचायत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आभा आईडी व ई-संजीवनी सहित कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा में कम प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्ता सहित ऐसे सभी स्वास्थ्य कर्मी जिनकी प्रगति शून्य है उन्हें नोटिस देकर तत्काल हटाया जाय। जिलाधिकारी ने हुजूरपुर सहित सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों की समीक्षा करते हुए सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, शौचालय सहित शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पुराने हो चुके सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की रंगाई पुताई व आस पास झड़ियों आदि की सफाई के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए डीएम ने सभी सीएचसी अधीक्षकों को प्रत्येक माह 10 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर विजिट करने के निर्देश दिये। साथ ही ऐसे सेंटर जहां ई संजीवनी के माध्यम से 5 या 5 से कम मरीज देखे जाते हैं वहां तैनात सीएचओ की जांच के लिए निर्देशित किया। डीएम ने टीकाकरण, संस्थागत प्रसव आदि में शून्य प्रगति वाली व प्राइवेट अस्पतालों में एजेंट के रूप में प्रसव कराने वाली आशा कार्यकताओं को 3 बार नोटिस देने के बाद हटाने के निर्देश दिये।



साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाली आशा कार्यकताओं को पुरस्कृत करने के लिए कहा। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 02 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती से पूर्व सभी जांच के आवश्यक उपकरण व दवाएं आदि स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध करा दी जाय। इसके अलावा इस दिवस पर आयोजित होने वाले आयुष्मान सभा में ज्यादा से ज्यादा आभा आईडी, टीबी की जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने व बन चुके कार्डों का वितरण सुनिश्चित करने के लिए अभी से तैयारियां करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने 01 अक्टूबर को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर डीएम कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य कैंप आयोजित कर आँखों की जांच, चश्मा वितरण, हड्डी व सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ दवाओं की उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य महकमे को निर्देशित किया। गर्भवती पंजीकरण बढ़ाने के लिए डीएम ने बुलावा पर्ची के साथ ही बल्क मैसेज के माध्यम से सभी लाभार्थी को सूचना देने का सुझाव दिया। बताया कि बार बार संदेश जाने से लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रेरित होंगे।

सघन मिशन इंद्रधनुष की समीक्षा के दौरान नानपारा नगरीय क्षेत्र में कम मानव संसाधन की उपलब्धता को लेकर डीएम ने कहा कि ऐसे सभी स्थानों पर नगरपालिका के कर्मियों की मदद ली जाय। उन्होंने टीकाकरण सत्र को निर्धारित समय सुबह 9 से शुरू करने तथा समय से तहसील व ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक सुनिश्चित कराते हुए ड्यूलिस्ट के अनुसार शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों को समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। डीएम ने प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना के लाभार्थियों के पंजीकरण में प्रदेश में प्रथम रैंक लाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस.के. सिंह, डीपीओ राज कपूर, सीएमएस डॉ. एम.एम.एम. पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, डीपीएम सरजू खान, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, डीसीपीएम मो. राशिद सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### मतदान से पहले बुरे फंसे सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह

मऊ। कोपागंज थाने के कुथीजाफरपुर पुलिस चौकी के एक आरक्षी ने सपा प्रत्याशी के पुत्र पर मोबाइल पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। पांच सितंबर को चुनाव को लेकर जैसे जैसे काउंट डाउन हो रहा है, वैसे वैसे सियासी तापमान बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को एक नया प्रकरण सामने आया। जहां कोपागंज थाने के कुथीजाफरपुर पुलिस चौकी के एक आरक्षी ने सपा प्रत्याशी के पुत्र पर मोबाइल पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। दर्ज मुकदमे के अनुसार आरक्षी योगेश यादव ने बताया कि उसके मोबाइल पर सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सिंह का काल आया, जहां उसके साथ अभद्रता करने के साथ धमकी दी।

# सम्पादकीय

## मानसून की विदाई

यह हकीकत है कि तमाम वैज्ञानिक उन्नति व सिंचाई के साधन विकसित होने के बावजूद मानसून आज भी भारतीय उपमहाद्वीप में जीवनदायी बना हुआ है। सदियों से देश का किसान बेसब्री से मानसून की राह तकते हुए आकाश में काले बादलों की प्रतीक्षा करता रहता है। सच्चाई तो यही है कि खेती में बरकत मानसूनी बारिश से ही आती है। जहां एक ओर बिजली की बचत होती है वहीं किसान की कृषि लागत भी कम होती है। भारतीय मौसम विभाग ने बाकायदा सूचना जारी की है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अब लौट रहा है। राजस्थान के कुछ हिस्से से वह चला भी गया। यूं तो इसकी वापसी की सामान्य तारीख 17 सितंबर है, मगर इस बार यह आठ दिन देरी से वापस लौट रहा है। आम आदमी बारिश के मिजाज देखकर यही सोचता होगा कि इस बार जमकर बारिश हुई है, लेकिन बारिश का औसत बताता है कि इस बार सामान्य से कुछ कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार अब तक 780.3 मिमी बारिश हुई है। जबकि सामान्य बारिश 832.4 मिमी मानी जाती है। बहरहाल, काले मेघों की वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। हिमाचल, उत्तराखंड आदि पर्वतीय राज्यों में दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार जमकर बरसा है। खासकर हिमाचल में बारिश का रौद्र देखने को मिला और भूस्खलन व बाढ़ में जन-धन की व्यापक क्षति हुई। इस बार मानसून तेरहवीं बार अपने निर्धारित समय से देरी से वापस लौट रहा है। वैसे तो मानसून का देर तक सक्रिय रहना खेती के लिये लाभदायक ही होता है। खासकर उत्तर-पश्चिम भारत में मानसूनी बारिश का रबी की फसल पर सकारात्मक असर देखने को मिलता है। दरअसल, आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून तक केरल में दस्तक दे देता है। फिर सामान्यतरू आठ जुलाई तक पूरे देश को भिगोने लगता है। वहीं 17 सितंबर के नजदीक उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू कर देता है। फिर मध्य अक्तूबर तक मानसून की लगभग पूरी विदाई हो जाती है।वैसे हम भारतीयों का सौभाग्य है कि हमें सर्दी, गर्मी व बरसात के मौसम का पर्याप्त सुख हासिल होता है। एक साल में ही देश में अलग-अलग मौसमों का अहसास किया जा सकता है। एक ओर जहां कुछ इलाकों से मानसून की विदाई हो रही है तो कुछ राज्यों में बारिश होने की बात कही जा रही है। वहीं देश में मानसून की विदाई के बीच कश्मीर में बर्फबारी होने की खबरें हैं। लद्दाख में भी बर्फबारी की खबरें हैं। हिमाचल के बारे में कहा जा रहा है कि वहां मानसून की विदाई हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में खूब धूप खिलेगी।



संजीव ठाकुर

इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अत: स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

# स्वस्थ नगरिक मजबूत राष्ट्र का निर्माता

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता हैस मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैस तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता हैस इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैस इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरूआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेस भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता हैस इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैस इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगास फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरूआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55ः हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दशार्ते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की



अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज च्हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2ध्तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

# सियासत की राह

तमिलनाडु की मौजूदा सत्ता का नजरिया क्या हिंदी के प्रति उदार होने लगा है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि कुछ ही दिन पहले तमिलनाडु की द्रमुक सरकार ने अपनी उपलब्धियों को लेकर उत्तर भारत के कुछ बड़े हिंदी अखबारों में पूरे पृष्ठ का विज्ञापन जारी किया था। जिस हिंदी के विरोध में द्रमुक की पूरी राजनीति आगे बढ़ी है, उसी हिंदी में द्रुक सरकार का विज्ञापन जारी करना मामूली बात नहीं है। द्रमुक ने राजनीतिक दल के तौर पर बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं। तमिलनाडु की जनता की नजर में उसकी एक कामयाबी हिंदी विरोध को उस चरम पर पहुंचाना भी रहा है, जहां से पीछे लौट पाना आसान नहीं। सांविधानिक प्रावधानों के मुताबिक, हिंदी को 26 जनवरी, 1965 के दिन से राजभाषा के तौर पर पूरी तरह स्थापित होना था। वह द्रविड़ राजनीति ही रही, जिसने तब गणतंत्र दिवस के सम्मानवश 26 जनवरी के बजाय उसके ठीक एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को पूरे तमिलनाडु को हिंदी-विरोधी काले झंडों से पाट दिया था। उसके बाद हिंदी को राजभाषा का असल स्थान देना टल ही गया। हिंदी के विरोध में काला झंडा फहराने वाले राजनीतिक दल के हिंदी में विज्ञापन जारी करने पर सुखद आश्चर्य होगा ही। स्टालिन सरकार के इस कदम पर हैरान होने की कई वजहें हैं। भारतीय राजनीति की समाजवादी धारा हिंदी की घोर समर्थक रही है। लोहिया का अंग्रेजी हटाओ अभियान हिंदी का समर्थन ही था। मुलायम सिंह यादव जब पहली बार मुख्यमंत्री बने, तब हिंदी को स्थापित करने के लोहिया के सपने के अनुरूप कदम उठाने को प्रेरित हुए। अच्युतानंद मिश्र जैसे कतिपय वरिष्ठ पत्रकारों के सुझाव पर उन्होंने गैर हिंदीभाषी राज्यों के बीच हिंदी को पत्र-व्यवहार का माध्यम बनाया। गैर हिंदीभाषी राज्यों की सुविधा के लिहाज से हिंदी पत्र का उस विशेष राज्य की भाषा में अनुवाद भी दिया जाना था। उसी योजना के तहत स्टालिन के पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि की सरकार को हिंदी में तमिल अनुवाद के साथ पत्र भेजा गया। पर करुणानिधि ने मुलायम से अपने गर्मजोशी भरे संबंधों को धता बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को सिर्फ तमिल और अंग्रेजी में जवाब भेजा। हाल-हाल तक स्टालिन सरकार हिंदी को लेकर आक्रामक रही है। अगस्त, 2020 में नई शिक्षा नीति के बहाने स्टालिन ने हिंदी के खिलाफ हमला बोला था। बीते मार्च में जब नियमों के तहत दही के पैकेट पर हिंदी में दही लिखना अनिवार्य किया जा रहा था, तब तमिलनाडु ने भाषायी साम्राज्यवाद का आरोप लगाते हुए इसका विरोध किया। पिछले महीने भी स्टालिन सरकार ने हिंदी के खिलाफ विषवमन किया।

# चुनावों का खर्चा या सस्ते चुनाव



प्रेम शर्मा

चुनाव सस्ते बनाने का सम्बन्ध एक बारगी ही पूरे देश में चुनाव कराने से कैसे हो सकता है जबकि विधानसभा के चुनाव में ही एक प्रत्याशी करोड़ों रुपए खर्च करता हो और ग्राम पंचायत के चुनाव में भी लाखों रुपए खर्च किये जाते हों। लोकसभा चुनावों में तो खर्च का कोई हिसाब ही नहीं रहता

एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में गठित आठ सदस्यीय समिति में शामिल होने से लोकसभा में कांग्रेस के नेता श्री अधीर रंजन चौधरी ने यह कहते हुए इन्कार कर दिया है कि समिति का सन्दर्भ विषय इस तरह का है कि पहले से ही इसका निष्कर्ष तय हो जाये। श्री चौधरी के कहने का मतलब है यह समिति बनाई ही गई है एक देश-एक चुनाव की सिफारिश करने के लिए। बेशक श्री चौधरी के इस मत से असहमति जताई जा सकती है मगर मूल प्रश्न यह है कि हम बात किस प्रकार के चुनाव सुधारों की कर रहे हैं? भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब अम्बेडकर ने जब पूरा संविधान लिख लिया तो 25 नवम्बर, 1949 को उन्होंने इस बारे में जो भाषण दिया वह बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें भारत की चुनाव प्रणाली के संरक्षक चुनाव आयोग को भारतीय लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ बताया गया था। दरअसल भारतीय लोकतन्त्र मूलतः जिन चार खम्भों पर बाबा साहेब खड़ा करके गये वे न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका व चुनाव आयोग थे। इनमें से दो कार्यपालिका व विधायिका सरकार का हिस्सा थे और दो चुनाव आयोग व न्यायपालिका सरकारी अंग न होकर स्वतन्त्र व स्वायत्तशासी थे जो सीधे संविधान से शक्ति लेकर अपने दायित्वों का निर्वाह करते चले आ रहे हैं। आजादी के बाद शुरू के तीन दशकों तक चुनाव आयोग की भूमिका बहुत पारदर्शी और शुचितापूर्ण इस प्रकार रही कि भारत की बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था में इसके द्वारा भेदभाव किये जाने की कोई संभावना ही नहीं थी अतः समाजवादी नेता डा. राम मनोहर लोहिया ने लोकतन्त्र में स्वतन्त्र प्रेस (मीडिया) को चौथा खम्भा कहना शुरू कर दिया और यह धीरे-धीरे स्थापित भी होता चला गया। 1969 तक चुनाव आयोग को लेकर कहीं कोई विवाद या खबर बामुश्किल ही अखबारों की सुर्खियां बन पाई। इस साल जब पहली बार कांग्रेस पार्टी का विभाजन हुआ तो लोगों को पता लगा कि कोई एस.पी. सेन वर्मा नाम का व्यक्ति मुख्य चुनाव आयुक्त भी है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के विवाद पर अपना फैसला देकर न्यायपूर्ण व्यवहार किया और लोगों की वाहवाही लूटी। मगर 1974 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने जब दिल्ली सदर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद स्व. अमरनाथ चावला का चुनाव केवल इसलिए अघोषित किया कि उन्होंने अपने चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित धनराशि से अधिक खर्च किया है तो प्रधानमन्त्री इदिरा गांधी ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम -1951 में संशोधन करके यह प्रावधान किया कि किसी भी प्रत्याशी के चुनाव पर यदि उसका कोई मित्र अथवा उसकी



पार्टी जो भी खर्च करेगी वह उसके चुनाव खर्च में शामिल नहीं किया जायेगा तो भारत में चुनाव लगातार महंगे और खचीर्ले होते गये और चुनाव खर्च सीमा का कोई मतलब ही नहीं रहा। अतः 1974 में ही शुरू हुए जयप्रकाश नारायण के कथित सम्पूर्ण क्रान्ति आन्दोलन का मुख्य एजेंडा यह भी बना कि चुनावों को सस्ता बनाने के लिए सरकार संवैधानिक उपाय करे और जनता को चुने हुए प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार भी मिले। जय प्रकाश नारायण ने चुनाव सुधारों की सख्त जरूरत बताई और जनता का आह्वान किया कि वह इसकी आवाज पुरजोर तरीके से उठाये। जेपी ने चुनाव सुधारों के लिए बम्बई उच्च न्यायालय ने अकाश प्राप्त मुख्य न्यायाधीश श्री वी.एम. तारकुंडे की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जिसने आंशिक रूप से सरकारी खर्च से चुनाव कराये जाने के बारे में सिफारिशें भी दीं। जब तक ये सिफारिशें आयी तब तक जेपी आन्दोलन में शामिल पंचमेल पार्टी जनता पार्टी की सरकार मोरारजी देसाई के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज हो गई थी। इस सरकार ने तारकुंडे समिति की रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डालते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त श्री एस.एल. शकधर के नेतृत्व में एक चुनाव सुधार आयोग का गठन कर दिया। जब तक इसकी रिपोर्ट आयी तब तक 1980 में केन्द्र में इन्दिरा जी की सरकार पुनः आ गई और शकधर रिपोर्ट का वहीं हश्र हुआ जो तारकुंडे समिति की रिपोर्ट का हुआ था। इसके बाद केन्द्र में कांग्रेस सरकार ने गोस्वामी समिति का गठन चुनाव सुधारों पर किया और इसकी कुछ सिफारिसों को लागू भी किया मगर चुनावों के लगातार महंगे और खचीर्ला होने से रोकने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। असली सवाल जहां का तहां रहा कि एक नगर पालिका से लेकर विधानसभा और लोकसभा का प्रत्याशी अपने चुनाव पर बेतहाशा धन खर्च कर सकता था। जिसकी वजह से चुनाव लगातार महंगे होते गये क्योंकि इसकी जड़ में अभी तक वह कानून मौजूद है कि प्रत्याशी का निजी खर्च उसके मित्र व पार्टी द्वारा किये गये खर्च के घेरे में नहीं आयेगा। इसलिए असली समस्या तो यही है जिसे हमें हल करना है मगर हम सिर में दर्द है तो इलाज पैरों का कर रहे हैं और एक देश-एक चुनाव की बात कर रहे हैं। कहां तो बात चली थी कि चुनाव सरकारी खर्च से ही होने चाहिए और इसके लिए पृथक से एक कोष स्थापित केन्द्र सरकार को गठित करना चाहिए जिससे गरीब से गरीब राजनैतिक रूप से सजग व्यक्ति भी चुनाव में खड़ा हो सके और जनता का सच्चा प्रतिनिधित्व कर सके मगर हम आज बात ही सरकारी खर्च को कम करने की कर रहे हैं जबकि राजनीति को बुरी तरह धनतन्त्र और धन्ना सेठों ने अपनी कृपा का पात्र बना लिया है।



अमर बहादुर

2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी।

साहित्य

# रोजगार घटने के चिंताजनक आंकड़े

2018-19 से 2022-23 के दौरान देश में सभी तरह के रोजगार में बड़ी कमी होने के आंकड़े सामने आए हैं। नौकरियां हों या दैनिक वेतनभोगी मजदूर, बड़ी संख्या में उन्होंने आजीविका खोई है। अधिक चिंताजनक यह है कि इनमें महिलाएं अधिक हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने नौकरियां खोई हैं जिनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। ये आंकड़े ऐसे वक्त में सामने आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को खुशहाल देश बतला कर दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5 ट्रिलियन होगा। यह तथ्य ऐसे भी वक्त सबके समक्ष आया है जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होकर एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। विकसित व आर्थिक रूप से सशक्त समाज बनाने में कामकाजी महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार से इन आंकड़ों के मुताबिक औरतों के जीविकोपार्जन के साधन छीने गये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रूर चेहरा भी उजागर करते हैं। समाज के तौर पर देश महिलाओं को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रस्त तो पहले से ही है। जिन लोगों ने नौकरियां खोई हैं, वे संगठित क्षेत्रों के थे और उनके वेतन बढ़िया थे। नौकरियां जाने से उनके जीवन पर क्या असर हुआ होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। असंगठित क्षेत्रों में रोजाना वेतन पर काम करने वाले मजदूरों, जिन्हें दिहाड़ी मजदूर भी कहा जाता है, उनकी संख्या 2018-19 में 14.05 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 12.7 करोड़ रह गई। सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40.58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3.82 करोड़ हैं- केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। वैसे छोटे व्यवसाय एवं खेती-किसानी में महिलाओं के रोजगार कुछ बढ़े हैं परन्तु अभी भी सभी सेक्टरों में व्यापक बेरोजगारी का आलम है। खासकर, महिलाओं की स्थिति दयनीय है। यह तस्वीर मोदी सरकार के बेहद खराब प्रबन्धन का नतीजा है। 2016 में लाई गई नोटबन्दी और बाद में जीएसटी कानून ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इसके दुष्परिणाम अब तक देश भुगत रहा है। नोटबन्दी ने रातों-रात लाखों कारोबार और छोटे-मोटे कामों को बन्द कर दिया। रही-सही कसर जीएसटी ने पूरी कर दी। कई छोटे व लघु आकार की इकाइयों ने भी दम तोड़ दिया था। अनेक कारोबार व उद्योग उस वक्त जो बन्द हुए, आज तक या तो खुल नहीं पाये अथवा उनमें से बड़ी संख्या में लोगों को काम से हटाया गया। इसके बाद कोविड-19 भी कहर बनकर लोगों पर टूटा है। बड़ी तादाद में व्यवसाय और निर्माण इकाइयों को भी लॉकडाउन में बन्द करना पड़ा था। उनमें से कई उद्योगों व कारोबार के ताले आज तक नहीं खुले। सीएमआईई की ही पूर्ववर्ती रिपोर्ट में बताया गया था कि इसी साल (2023) जनवरी (7.14 प्रश) से अप्रैल (8.11) के दौरान ये आंकड़े भी सामने आये थे कि भारत में बेरोजगारी की दर हर माह बढ़ती जा रही है। अभी मई में इसका प्रतिशत 7.68 था जो जून में बढ़कर 8.45 हो गया है। हालांकि भारत सरकार इन आंकड़ों को गलत बताती है क्योंकि उसके राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार देश में रोजगार की स्थिति सुधर रही है। वैसे लगभग सारे अर्थशास्त्री सीएमआईई के आंकड़ों को ही सही मानते हैं। आंकड़ों को एक ओर रख दिया जाये तो भी देश में बढ़ती बेरोजगारी नंगी आंखों से भी दिखती है। वैसे भी केन्द्र सरकार रोजगार बढ़ाने के मामले में कभी भी गम्भीर नहीं रही है। उसके सारे आश्वासन कहीं दूर भविष्य में फलीभूत होने की बात करते हैं। तत्काल प्रभाव से मिलने वाले रोजगार कम ही हैं। 2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी।

# डीएम साहिबा: कृपालु इंस्टीट्यूट ऑफ बायो मेडिकल साइंस के जिम्मेदार सिंदूर व बिंदी पर लगा रहे प्रतिबन्ध

## छात्राओं ने लगाया गम्भीर आरोप, कहा– गर्भवती होने पर गर्भपात का भी बनाया जाता है दबाव

आरोप

**हिन्दू आस्था सहित जीवन से कर रहे खिलवाड़, न मानने पर पंजीकरण निरस्त करने की दे रहे धमकी**



**रायबरेली।** जिले के भदोखर थाना क्षेत्र स्थित मुंशीगंज चौकी क्षेत्र में संचालित कृपालु इंस्टिट्यूट ऑफ बायो मेडिकल साइंस की छात्राओं ने प्रबंधन पर हिंदू आस्था से छेड़छाड़ व गर्भपात कराने का अनर्गल दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाये जिसमें प्रबंध तंत्र में दिनभर हड़कंप मचा रहा नर्सिंग की ट्रेनिंग कर रही छात्राओं ने तेजतर्रार जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से पूरे मामले की शिकायत की है जिस पर डीएम ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। दरअसल कृपालु इंस्टिट्यूट ऑफ बायो मेडिकल साइंस की अनामिका और सर्वेश यादव नाम की दो छात्राओं ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि उनके हिन्दू प्रतीकों पर हमला किया गया है। कृपालु इंस्टीट्यूट में सिंदूर और बिंदी लगाने पर पाबंदी लगाई जा रही है। छात्राओं ने यहां तक कहा कि गर्भवती होने पर गर्भपात कराये जाने का भी दबाव बनाया गया है। छात्राओं ने कहा कि अबॉर्शन न कराये जाने की स्थिति में उनका पंजीकरण निरस्त कर दिया गया और फीस भी वापस नहीं कि जा रही है। उधर प्रबंधन ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि सिंदूर या बिंदी लगाने पर कोई पाबंदी नहीं है। बस गहरा सिंदूर न लगा हो क्योंकि इससे मरीज पर झड़ने का खतरा रहता है। गर्भावस्था को लेकर लगाये गए आरोप के संबंध में कहा गया है कि छात्रा ने स्वयं गर्भावस्था के चलते अटेंडेंस पूरी न होने की संभावना के तहत अपना रजिस्ट्रेशन कैंसिल कराया है और नियम विरुध फीस मांग रही हैं। फीस वापस मिलने में हो रही देरी के चलते दबाव बनाने को लेकर ही दोनों छात्राओं ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। वहीं संस्थान की अन्य छात्राओं ने उनके साथ ऐसा कुछ भी न होने की बात कही है।

**पूरे मामले की जांच के लिये एसडीएम स्तर के अधिकारियों को किया गया है नामित: डीएम**

इस बाबत जिले की तेजतर्रार डीएम हर्षिता माथुर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान यह मामला सामने आया है। तत्काल मामले को मेरे द्वारा संज्ञान में लिया गया और एसडीएम स्तर के अधिकारियों की टीम बनाकर मौके की जांच करवाते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# करेंट से शिक्षक की हुई मौत, मचा कोहराम

## सलोन क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरहनी पहाड़गढ़ में थे कार्यरत

हादसा



**जगतपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में ट्यूबल में पंखा लगाते समय बिजली के उतरे करंट से लिपटकर एक शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई जिससे उसके परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं शिक्षक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि मोहनपुर उर्फ गोपियापुर ब्लॉक जगतपुर निवासी धर्मेंद्र बहादुर सिंह पुत्र स्वर्गीय जलेश्वर बख्श सिंह सलोन ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरहनी पहाड़गढ़ में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थे। शिक्षामित्र के रूप में विभागीय सेवा में आये धर्मेंद्र बहादुर सिंह 2009 में विकास खण्ड ऊंचाहार में सहायक शिक्षक नियुक्त हुए और पदोन्नति पाकर सलोन ब्लॉक के पू.मा. विद्यालय खैरहनी पहाड़ गढ़ में उनकी नियुक्त हुए। उनकी पत्नी श्रीमती शिल्पी सिंह भी शिक्षामित्र के बाद प्राथमिक विद्यालय भनुवामऊ ब्लॉक जगतपुर में सहायक अध्यापक हैं।परिवार में वृद्ध माता शांति देवी, दो भाई और पुत्र सिद्धार्थ 13 वर्ष, बेटी शिव सिंह 5 वर्ष हैं। उनके निधन पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के संरक्षक समर बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव, महामंत्री सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष शिव शरण सिंह, जगतपुर अध्यक्ष दीपक कुमार, सलोन अध्यक्ष डॉ. साधना शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा, मो. इस्माइल खान, प्रधान अध्यापक श्रीकृष्ण पांडेय, हरिवेश कुमार द्विवेदी, रितेश कुमार, प्रवीण वर्मा, सबीहुल हसन, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय, मंत्री रमेश बहादुर सिंह, राजेश कुमार मिश्रा ,मोहम्मद कासिम हुनर,सतीश चंद्र शर्मा,अशफाक जहां सहित सभी शिक्षक संगठनो ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

फास्ट न्यूज

### पेंशनर की मृत्यु के उपरान्त परिजन कोषागार को करें सूचित

**अमेठी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसे प्रकरण जिसमें पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना संबंधित कोषागार को नहीं की जाती है जिसके फलस्वरुप सरकार द्वारा पेंशन/पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है तथा बाद में अधिक भुगतान की वसूली की कार्यवाही करनी पड़ती है जिसके दृष्टिगत उन्होंने समस्त संबंधितों से अपील करते हुए कहा है कि यथा स्थिति पेंशन/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना संबंधित कोषागार को तत्काल प्रदान करें, यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशन के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू राजस्व के बकाए के रूप में वसूल किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

### बच्चों को शिक्षा के साथ सिखाये जायं संस्कार: डीएम

**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने मंगलवार को विकास खंड जगत के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खरखोली खुर्द एवं इस्लामगंज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों से गिनती, पहाड़े, विलोम शब्द, पुस्तकों के पाठ आदि सुना और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। डीएम ने अध्यापकों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में बेहतर सुविधा रखी जाएं। समस्त अध्यापक विद्यालय समय से पहुंचकर बच्चों को मेहनत से पढ़ाए। बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान रखा जाए। बच्चों को पढ़ाई के साथ संस्कारी के शिक्षा दी जाए। दोनों विद्यालयों में पंखे, विद्युत वायरिंग आदि की चोरी की जानकारी देने पर पुलिस विभाग को कार्रवाई करने के पत्राचार करने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर एवं आसपास साफ सुथरा रखा जाए। बरसात में विद्यालयों की छत पर उगी घास को साफ कराया जाए। बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनका भविष्य उज्जवल बनाया जाए। विद्यालयों में हैंडवॉश संचालित रहे और शौचालयों को साफ सुथरा रखा जाए। मध्यान्ह भोजन को देखते हुए शिक्षकों को निर्देश दिए की बच्चों को मिड-डे मील में निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन दिया जाए। विद्यालय में बच्चे प्रॉपर एड्रेस में पढ़ने आये।





## दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिये शिविर आयोजित

**सलोन।** दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा विभाग की समेकित शिक्षा इकाई द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र सलोन में मेडिकल असेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. एमपी सिंह अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. नीलम सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. योगेन्द्र सिंह मनोचिकित्सक, डॉ. विवेक द्विवेदी नाक कान गला रोग विशेषज्ञ व रूबी चौधरी सहायक ऑडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। चिकित्सीय टीम द्वारा परिषदीय विद्यालयों के भिन्न-भिन्न अक्षमताओं से ग्रसित दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगतावर परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 40 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया गया। कैम्प की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी सलोन सुधा वर्मा ने किया। शिविर का व्यवस्थापन व संचालन विशेष शिक्षक राकेश सिंह व शिवनंदन वर्मा द्वारा किया गया। शिविर को सम्पन्न कराने में विशेष शिक्षक बृजेश यादव, आरती यादव फीजियोथेरेपिस्ट, चन्द्र प्रकाश, राजेश मिश्रा, नन्हे यादव, रामलौटन आदि ने विशेष सहयोग किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

आयोजन



**कांधला।** स्थानीय कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर आयुष्मान सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एवं नेशनल लाइफ लाइन आगेर्नाइजेशन के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनो लोगों ने पहुंचकर अपना रक्तदान किया। चिकित्सको नें रक्तदान करने वाले महिला, पुरुषों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंगलवार को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर आयुष्मान सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एवं नेशनल लाइफ लाइन ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर का शुभारंभ संयुक्त रूप से अंशुल चौहान पीसीएस जिला दिव्यांग अधिकारी एवं चिकित्सक प्रभारी डॉ रामबीर सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। रक्तदान शिविर में नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे 45 महिला,पुरुषों के द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया। जिसमें 35 व्यक्तियों के द्वारा रक्तदान किया गया। इस दौरान चिकित्सक प्रभारी रामबीर सिंह ने सभी महिला,पुरुषों को बताया कि रक्तदान करने से किसी भी जरूरतमंद की जान बच सकती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंसान को जीवन में एक बार जरूर अपना रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से हमें कई तरह की बीमारियों से भी बचाव होता है।इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने रक्तदान करने वाले महिला पुरुषों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका हौसला अफजाई किया।




## पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय

**हरदोई।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पिहानी प्रमोद शुक्ल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय हरदोई में कक्षा 11 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार शैक्षिणक सत्र 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 सत्र) (जनवरी से दिसम्बर 2023 सत्र) में उसी जिले में सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 10 में अध्ययनरत रहा हो जहां जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हो रहा हो तथा जिनका जन्म 1 जून 2007 से 31 जुलाई 2009 (दोनों तारीखें शामिल है) के बीच हुआ हो, वे सभी पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर एवं चयन परीक्षा की तिथि 10 फरवरी है। अतः समस्त अर्ह छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे किसी भी जनसेवा केन्द्र/साइबर कैफे स्वयं के मोबाइल व डेस्कटॉप का प्रयोग कर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

# व्यापारियों से प्रान्तीय सम्मेलन को सफल बनाने का किया आह्वान

सम्मेलन



**कैराना।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले आगमी 3 अक्टूबर को सहारनपुर में आयोजित प्रांतीय महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने कैराना के व्यापारियों के साथ बैठक की। मंगलवार की दोपहर नगर के अंबा मैरिज होम के सभागार कक्ष में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई की बैठक आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने की। उन्होंने कहा कि विगत 25 वर्षों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल अराजनीतिक तौर पर सर्वधर्म के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करता आ रहा है और प्रदेश विभिन्न 58 जनपदों में संगठन का विस्तार करते हुए व्यापारियों की सभी प्रमुख समस्याओं को प्रदेश शासन व प्रशासन तक पहुंचाकर उनका निराकरण कराने में लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि आगामी 3 अक्तूबर को जनपद सहारनपुर के जनता रोड़ पर संगठन की ओर से प्रदेश के व्यापारियों के एक प्रांतीय महासम्मेलन आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश सरकार के अनेकों मंत्रीगण भी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस, मंडी शुल्क समाप्त, 60 वर्षीय व्यापारियों का बीमा, व्यापारियों के स्टॉक का बीमा, प्राकृतिक आपदाओं में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, वृद्ध व्यापारियों को सीनियर सिटीजन का विशेष सम्मान दिलाने आदि विभिन्न मांगे पूरी कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कैराना क्षेत्र के समस्त व्यापारियों से 3 अक्टूबर को सहारनपुर में आयोजित सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष फैजान कुरैशी, नगर महामंत्री प्रदीप गोयल, डॉ. तसव्वर, अय्यूब मंसूरी, नदीम मंसूरी, मुनीम मंसूरी, बिजेंद्र कुमार, मोहन कुमार, दिनेश गौतम, महामंत्री सुभाष धीमान आदि उपस्थित रहे।

# टूण्डला नगर में रामलीला की तैयारियां जोरों पर

रामलीला

**टूण्डला, फिरोजाबाद।**



स्थानीय नगर में रामलीला महोत्सव की तैयारी जोरो से चल रही है। रामलीला महोत्सव कमेटी द द्वारा नगर में भ्रमण कर रामलीला के लिए सहयोग धनराशि एकत्रित की जा रही है। वहीं दूसरी ओर रामलीला के पात्रों द्वारा रिहर्सल का कार्य जोरों पर चल रहा है। नगर रामलीला कमेटी के डायरेक्टर सुशील पोनिया ने बताया है टूंडला नगर की रामलीला 7 अक्टूबर से प्रारंभ हो होगी इसलिए रामलीला

को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है। रामलीला का समय अब नजदीक आ रहा है इसलिए पात्रों द्वारा उनके किरदार की तैयारी कराई जा रही हैं। नगर रामलीला अध्यक्ष शशांक प्रताप सिंह ने कहा कि नगर में अयोजित होने वाली रामलीला के लिए समस्त नगर वासियों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। रामलीला कमेटी और पात्र भी प्रभु श्री राम की लीला के लिए पूर्ण रूप समर्पित होकर कड़ी मेहनत कर अपना योगदान दे रहे हैं।

रामलीला अध्यक्ष ने नगरवासियों और सहयोगियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष हनी जादौन ने कहा कि प्रभु इच्छा से ही हर कार्य होता है। यह हम लोगों का सौभाग्य है कि हमें नगर रामलीला में सहयोग के लिए अवसर प्राप्त हुआ। कोषाध्यक्ष ने बताया कि श्री राम की कृपा से सारी तैयारियां संपन्न और व्यवस्थित रूप से चल रही है। इस मौके पर नगर रामलीला कमेटी अध्यक्ष शशांक प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष हनी जादौन, राजेश अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता, मोनू चौधरी, मनप्रीत सिंह कीर, भोला सभासद, कौशलेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# हिसुआ ज्ञान गंगा महिला किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का वार्षिक आमसभा सम्पन्न

आमसभा



नवादा। जिले के हिसुआ स्थित हिसुआ सेवा सदन में ज्ञान गंगा महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी का वार्षिक आम सभा सम्पन्न हुई। सर्व सेवा समिति संस्था फोर एस इंडिया एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के बैनर तले हिसुआ ज्ञान गंगा महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी का वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन पूर्व विधायक अनिल सिंह, हिसुआ बीडीओ नीलेश कुमार, कृषि पदाधिकारी रास बिहारी, सुनील कुमार पत्रकार, फोर एस. इंडिया गया क्लस्टर के क्लस्टर कॉ-ऑर्डिनेटर रजनी भूषण महिला हेल्प लाईन के राजकुमारी, पीपुल्स एक्शन फॉर डेवलपमेंट के सचिव रामयतन प्रसाद ज्ञान गंगा के अध्यक्ष सरस्वती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

पूर्व विधायक अनिल सिंह ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को जोड़कर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ जो ज्ञान गंगा महिला स्वयंसिद्धा काम किया, यह प्रशंसनीय है। उन्होंने फेडरेशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि महिलाओं को अब अपने परिवार को चलाने में परेशानी नहीं होगी।

सबको स्वरोजगार से जोड़कर आगे बढ़ाया गया है। सुनील कुमार पत्रकार ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें समृद्ध करने का यह जो संस्था जो काम कर रही है वह बधाई के पात्र हैं। समूह संचालित कर महिलाओं को घर से निकालकर आगे लाया और विभिन्न योजनाओं से जोड़कर आगे बढ़ाया गया।

मुख्य कार्यपालक आनन्द प्रकाश ने कंपनी द्वारा वर्ष 2022-23 में किए गये कार्यों का प्रतिवेदन आय-व्यय का ब्योरा, अंकेक्षण रिपोर्ट, आगामी वर्ष 2023-24 में किए जाने वाले कार्य योजना को उपस्थित शेयरधारक के बीच प्रस्तुत कर अनुमोदन लिया। वहीं सरस्वती देवी ने बताया कि हिसुआ प्रखंड के विभिन्न पंचायत के भिन्न-भिन्न गाँवों में 1500 किसानों के बीच उत्पादक समूह बनाकर कृषि संबंधी कार्य ओषधिय पौधा मेंथा, लेमनग्रास, पामारोजा, तुलसी, दलहन, मशरूम की खेती का प्रशिक्षण देकर खेती करने के लिए प्रेरित एवं कम दाम में उच्चतम गुणवता वाले बीज एवं उत्पादित वस्तुओं का बाजार से लिंक करवकार उसे उचित मुनाफा करवाकर उसे आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से उन्हें जोड़ा जा रहा है।

ज्ञात हो कि इस कंपनी में 800 महिला किसान शेयरधारक बन गये है। इस कंपनी द्वारा अन्नदेवी फूड किट योजना लॉन्च किया गया। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से वैसे परिवार लाभान्वित है जो रोज कमाते हैं और रोज खाने की सामग्री को खरीदते हैं। वैसे महिलाओं के लिए कंपनी द्वारा 8 परिवारों के लिए एक माह के लिए चावल, दाल,आटा, तेल, मसाला एवं अन्य उपयोगी खाद्य सामग्री आसान किस्तों में उपलब्ध कराया गया है, इसका लाभ हजारों महिला किसान ले रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकाउंटेंट आकाश कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद गोपाल चौधरी, कार्यकर्ता मुकेश कुमार, नीलम देवी, नेहा कुमारी, साधना कुमारी, चिंता देवी, मिन्ता देवी, सरिता देवी, रिंकु कुमारी, गायत्री कुमारी, उषा देवी, रूबी कुमारी, मीना देवी, रंजु कुमारी, बेबी देवी, उम्दा देवी, पायल देवी आदि लगे रहे।

## डीएम ने ईवीएम व वीवी पैट के फर्स्ट लेवल चेकिंग कार्य का किया निरीक्षण

**मिर्जापुर।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत दिनांक 11 सितम्बर 2023 से आगामी 30 सितम्बर 2023 तक चल रहे बीईएल मेक एम-3 मॉडल ईवीएम एवं वीवी पैट की फस्ट लेबल चेकिंग (एफएलसी) कार्य का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने भिस्पुरी स्थित ईवीएम वेयर हाउस में एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि एफएलसी कार्य हेतु 20 इंजीनियर कार्य कर रहे है जिसमें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवी पैट आदि के फस्ट लेबल चेकिंग कराया जा रहा हैं। जिलाधिकारी द्वारा एफएलसी से सम्बन्धित रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया तथा ईवीएम वेयर हाउस में चल रहे एफएलसी कार्य का इंजीनियरों के द्वारा जानकारी प्राप्त किया तथा निर्देशित किया कि प्रतिदिन आने वाले विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों का भी प्रत्येक दिन रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराया जाय।



# जैकलीन फर्नांडीज

## वेनिस फिल्म फेस्ट में इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा में हुई शामिल

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने हाल ही में वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के चल रहे संस्करण में इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा में भाग लिया। यह चर्चा श्नए मीडिया समय में नई छवि, नई जीवनशैली और सिनेमा विषय पर केंद्रित थी। इटालियन पवेलियन कार्यस्थल उद्योग के रुझानों की पहचान करने और वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ पारिस्थितिकी तंत्र का कुशलतापूर्वक समर्थन करने के उद्देश्य से सम्मेलनों और व्यावसायिक बैठकों की मेजबानी करता है। अपने अनुभव को साझा करते हुए हाउसफुल 3 अभिनेत्री ने कहा रू ष्मैं इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा का हिस्सा बनकर अभिभूत हूं। यह सिनेमा, जीवनशैली और डिजिटल युग के मिश्रण को समझने का एक शानदार मौका है। उन्होंने आगे उल्लेख किया रू ष्मेरा मानना है कि आज की दुनिया में हर किसी के पास अपनी कहानी को कैद करने की क्षमता है, और प्रौद्योगिकी ने इस क्षमता को कैसे बढ़ाया है, इस पर अपने विचार साझा करने में मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। जैकलीन को अब से पहले अक्षय कुमार और इमरान हाशमी-स्टारर सेल्फी में एक कैमियो भूमिका में देखा गया था, अब उनकी पाइपलाइन में क्रैकश और फतेह हैं। इस बीच, वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का 80वां संस्करण इस समय इटली के वेनिस लीडो में चल रहा है। यह महोत्सव, जिसे कान्स फिल्म महोत्सव और बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के साथ तीन बड़े महोत्सवों में गिना जाता है, का समापन 9 सितंबर, 2023 को होगा।



# अर्शी खान ने सुनाई राखी सावंत को खरी-खोटी कहा बार-बार धर्म बदलने पर उसे सबक मिलना चाहिए

बीते दिनों से राखी सावंत लगातार सुर्खियां बटोर रही है उनके दूसरे पति रहे आदिल खान दुलारानी के जेल से बाहर आने के बाद राखी का नाम काफी चर्चा में आ रहा है तो वही जेल से बाहर आने के बाद आदिल खान ने भी राखी सावंत पर गंभीर आरोप लगाए थे उन्होंने कहा कि एक तरफ की बात हमेशा सच नहीं होती अब मैं जेल से आ गया हूं तो मैं आपको सच बताऊंगा। इसके बाद राखी सावंत अपने परिवार के साथ सऊदी अरब के पवित्र धार्मिक स्थल मक्का मदीना में उमरा को लेकर भी काफी लाइमलाइट में रही अब उनके दोस्त अर्शी खान ने भी उन पर धर्म बदलने को लेकर तंज कसा है और कहा कि उसको सबक मिलना चाहिए। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू के दौरान अर्शी खान ने कहा कि राखी सावंत क्वेश्चन में भी थी हिंदू भी थी। अब वह इस्लाम धर्म में चली गई है अल्लाह शिवाजी उसको सही कर दे आगे उन्होंने कहा कि आदिल खान जो बोल रहे हैं वह सही है साथ ही राखी पर गुस्सा करते हुए अर्शी ने कहा कि जो वह कर रही है वह गलत है साथ ही उनकी दोस्त ने अगर राखी पर कोई आरोप लगाए हैं तो पब्लिक सिटी के लिए तो नहीं हो सकते।

अर्शी खान ने अर्शी खान ने राखी सावंत को गलत और आदिल को सही बताते हुए कहा कि आदिल जितनी बातें करता है वह मुद्दे की करता है मैं किसी को सही या गलत नहीं बोलेगी जो सही होगा वह जीत जाएगा वही रखी ने जो आदिल पर डेट करोड रुपए लेने की बात कही है उसे पर एक्ट्रेस ने कहा कि अगर उसने लिए तो वह वापस कर देगा, वो ऐसा नहीं है वो एक अच्छा इंसान है राखी भी गलत नही है लेकिन आदिल जो कहता है वो सही लगता है। आपकी जानकारी के लिए बता दे बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए यह बताया था कि उन्होंने आदिल खान से 29 मई 2022 को निकाह किया और तब से आदिल हमेशा उन्हें मारता पीटता रहता था यहां तक की आदिल ने राखी से डेढ़ करोड़ रुपए भी लिए थे राखी सावंत ने आदिल पर एक्ट्रेस के अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था।

# जब अखबारों ने जीनत अमान को खतरनाक सुर्खियों के साथ निशाना बनाया था

किस्सों से भरे अपने आकर्षक इंस्टाग्राम पोस्ट के कारण श्इंस्टा क्वीनश का खिताब हासिल करने वाली अभिनेत्री जीनत अमान शनिवार को एक बार फिर पुरानी यादों की गलियों में चली गईं, जब उन्होंने बॉलीवुड में गपशप और पत्रिकाओं की संस्कृति पर गौर किया। वरिष्ठ अभिनेत्री ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक पुरानी पत्रिका का कवर अपलोड किया, जिसमें दिखाया गया है कि वह अभी भी अपने इर्द-गिर्द एक विवादास्पद कहानी बुन रही हैं। पत्रिका का अंक साल 1979 का है। अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने पुराने जमाने में अभिनेताओं को नीचा दिखाने की संस्कृति के बारे में बात की। उन्होंने लिखा, अगर सुर्खियों पर विश्वास किया जाए, तो 1979 में मैंने खुद को कोसा था, 1982 में मुझे चुना जा रहा था, 1984 में मैं तालमेल से बाहर हो गई थी, 1985 में मैं आत्म-विनाश की ओर बढ़ रही थी और 1998 में मैं टूट गई थी। एक समय था, जब मैंने ग्लॉसीज और टैब्लॉइड्स की सदस्यता ली थी, लेकिन वह बहुत जल्दी बीत गया। जिस व्यक्ति के रूप में उन्होंने मुझे प्रस्तुत किया, मैं उससे बिल्कुल भी जुड़ नहीं पाई, क्योंकि मुझे पता था कि सुर्खियां एक दिन प्रशंसात्मक होंगी और अगले ही दिन द्वेषपूर्ण होंगी।ह्व उन्होंने रिपोर्ताज पर उचित तथ्य-जांच नहीं करने और सितारों पर रिपोर्टिंग करते समय गोपनीयता की सीमा पार करने के लिए टैब्लॉयड को जिम्मेदार ठहराया। उसने अपने नोट में आगे उल्लेख किया है रू ह्लतथ्यों की जांच बहुत कम हुई, और की गई त्रुटियों के लिए कोई पछतावा नहीं था। जब उन्हें कहानी सही लगी-तो यह आमतौर पर गोपनीयता का बहुत बड़ा उल्लंघन था। जब वे गलत हो गए-तो उन स्पष्ट झूठों को सुसमाचार के रूप में लिया जाएगा। इन ष्घोटालोंष् ने अपना प्रभाव डाला। यह सार्वजनिक अपमान का अपना ही रूप था और मुझे इसके साथ आने वाली चिंता, आक्रोश और दुःख याद है। कुछ बिंदु पर मेरी त्वचा सख्त हो गई, और यह एहसास हुआ कि मेरे लिए उस व्यक्तित्व को चुनौती देना असंभव था जिसे वे बनाना चाहते थे। इसके बाद उन्हें एक वरिष्ठ संपादक का सामना करने की याद आई, जिसका उन्होंने नाम नहीं लिया, जिन्होंने झूठी रिपोर्टिंग पर कोई पछतावा नहीं दिखाया था, ह्लएक बार जब मैंने एक दुर्भावनापूर्ण कहानी के बारे में एक पूर्व संपादक का सामना किया, तो उनके पास बहुत सारे बहाने थे लेकिन एक भी माफी नहीं थी। तभी मैंने मन बना लिया कि इसे व्यक्तिगत तौर पर नहीं लूंगा। हालाँकि यह अशोभनीय था, उनकी एकमात्र रुचि अपनी पत्रिकाएं बेचने में थी।ह्व अभिनेत्री ने कहा, ह्लयह सब सिर्फ कहने के लिए है-लोग हमेशा बात करने का कारण ढूंढ लेंगे और इसलिए शायद यह सबसे अच्छा है कि उनकी राय या धारणा को अपने जीवन को परिभाषित करने की अनुमति न दें। आप अपने लिए ऐसा कर सकते हैं।





# लाल रंग का अबाया पहन एक पुरस्कार लेने पहुंची राखी सावंत, हुई ट्रॉल्लिंग का शिकार

बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत सुर्खियों में बनी रहती हैं अक्सर राखी सावंत को पैपराजी को पोज देते हुए या फिर उनसे बातचीत करते हुए देखा जाता है उमरा करने के लिए मक्का मदीना पहुंची मक्का मदीना की मस्जिद अल-हरम में राखी नजर आ रही है वहीं उन्होंने अल्लाह को सच्चे मन से इस दौरान पुकारा है इस दौरान राखी अपने फैंस से भी मिलती दिखाई दी। जहां वह अपने फैंस से कहती हैं कि राखी नहीं फातिमा कहो मुझे मैं फातिमा हूं। वहीं उन्हें फातिमा के नाम से उमराह के दौरान पुकारा जाने लगा राखी सावंत अपने राखी भाई वाहिद अली और उनकी पत्नी शाइस्ता के साथ उमरा पर पहुंची थी जहां की तस्वीर और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।इस दौरान राखी सावंत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी शेयर किया है इस वीडियो में राखी को अल्लाह की इबादत करते हुए देखा जा रहा है। इस्लाम धर्म अपना कर राखी सावंत ने अपना नया नाम फातिमा रख लिया है सामने लेटेस्ट वीडियो में उन्होंने अब अबाया पहना हुआ है और उनकी पूरी बॉडी कवर है इस लुक में बस राखी का चेहरा ही नजर आ रहा है वह अवार्ड जीतने के बाद पत्रकारों से बात करती दिखाई दे रही है साथ ही उन्होंने कहा- आदमी लोग करीब नहीं आना यह अवार्ड बहुत बढ़िया है सर में पड़ गया तो उड़ नहीं पाओगे यह नारी शक्ति का अवार्ड है कोई ढाई किलो का पंप नहीं और हाथ नहीं है। राखी सावंत ने मीडिया को अपने पीछे आने का इशारा देते हुए कहा किसने कहा कि औरत अबाया में खूबसूरत नहीं लगती खासकर बॉलीवुड में मेरे पीछे आओ.. बता दे, सामने आए इस वीडियो पर कहीं इंस्टाग्राम यूजर कमेंट करते हुए राखी सावंत को ट्रोल कर रहे हैं और कह रहे हैं यह ड्रामा क्वीन है? तो वही एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि इसने बोला था आदिल नहीं से मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया अब यह खुद यही काम कर रही है... एक और यूजर ने कमेंट करके लिखा इसको खुला किसने छोड़ दिया।

# छोटे कपड़े से हुआ उर्फी जावेद का हाल बेहाल कैमरे के सामने फटी ड्रेस?सरेआम शर्मसार हुई एक्ट्रेस



अपने अतरंगी लिबासों से जाने जाने वाली एक्ट्रेस ऊर्फी जावेद आए दिन सोशल मीडिया पर छाई रहती है। ऊर्फी जावेद हर बार कुछ ऐसा कर देती है जिसके बाद लोग उन्हें काफी ट्रोल करते हैं साथ ही उनका लुक हर बार लोगों को हैरान कर देता है कभी खुद को खिलौने से तो कभी बबलगम से ढकने वाली उर्फी इस बार भी कुछ ऐसा पहन के सामने आए जिस कमरे के सामने उन्हें शर्मिंदा होना पड़ा। सामने आई उर्फी जावेद का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। बता दें, अपने लेटेस्ट लुक में उर्फी ने डार्क ब्लू कलर की ड्रेस पहनी है। इसमें कैमरे के सामने आकर उर्फी ने कहीं अलग-अलग तरीके के पोज दिए। उर्फी हर बार की तरह जालीदार ड्रेस होने के बावजूद काफी कॉन्फिडेंस नजर आती है लेकिन इसके बाद जैसे ही वह गाड़ी में बैठने के लिए जाती है तो उनकी ड्रेस फट जाती है जो कि लोगों के सामने एक शर्मनाक घटना साबित होती है। बता दे, उर्फी जावेद के साथ जैसे ही यह हादसा होता है सारे कैमरे उनकी तरफ हो जाते हैं और वह शर्म से पानी पानी होती दिखाई देती है। इस बारे में उर्फी ने खुद वीडियो में आकर भी बताया एक्ट्रेस ने कहा कि सिर्फ मुझे पता है कि मैंने उसे मौके को कैसे संभाल। सोशल मीडिया सेंसेशन और एक्ट्रेस उर्फी अक्सर अपने अजीबोगरीब ड्रेस की वजह से सुर्खियों में आ ही जाती है इस बार लेकिन एक्ट्रेस जब सुर्खियों में आई तो सभी को हैरान कर दिया। ऊर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें उन्होंने बताया कि मीडिया के सामने उनका कपड़ा फट गया मुश्किल से 2 सेकंड पहले उनके कपड़े फट गए किसी ने नोटिस नहीं किया क्योंकि यह स्किन कलर का था।

## संक्षिप्त खबरें

### मैक्सिको में दो विमानों की टक्कर, 5 मरे

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के उत्तरी राज्य डुरांगो में दो निजी विमानों के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। राज्य प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। दुर्घटना सोमवार सुबह पश्चिमी डुरांगो के ला गैलानसिटा शहर में एक छोटी हवाई पट्टी पर हुई जहां गंदगी थी। राज्य के सुरक्षा सचिवालय ने बताया कि दो विमान तब टकरा गए जब एक उड़ान भर रहा था और दूसरा उतर रहा था। दोनों हल्के विमान थे। टक्कर के बाद दोनों विमानों में आग लग गई। सरकारी एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना में सभी पांच यात्रियों की मौत हो गई। राज्य के अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### पाक सेना ने किया 3 आतंकियों को ढेर

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने अफगानिस्तान के साथ लगने वाली सीमा के पास पूर्व पाकिस्तानी तालिबान के एक गढ़ में संदिग्ध आतंकी ठिकाने पर छापेमारी की और और इस दौरान हुई गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।सेना के एक बयान के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक आतंकी कमांडर भी शामिल था। बयान के अनुसार, मारे गए आतंकियों ने पूर्व में पाकिस्तानी सैनिकों पर हमला किया था। पाकिस्तानी सेना ने इसके अलावा कोई अन्य विवरण नहीं दिया। पाकिस्तानी तालिबान, अफगान तालिबान से संबद्ध एक आतंकी संगठन हैं।

### आतंकियों से संबंध रखने के संदिग्ध के घर पर छापेमारी

**जम्मू ।** विशेष अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) ने जम्मू के बाहरी इलाके में आतंकवादियों के एक पूर्व सहयोगी के घर पर मंगलवार को छापा मारा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस की आतंकवाद रोधी शाखा ने सुंजवान के पीर बाग इलाके में स्थित मोहम्मद इकबाल के घर पर तड़के छापा मारा और जांच के लिए एक मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड जब्त किए। उन्होंने बताया कि मूल रूप से रियासी जिले की माहौर तहसील के खोर गांव का रहने वाला इकबाल आतंकवादियों का एक पूर्व सहयोगी है। उन्होंने बताया कि यह छापेमारी इस संदेह के कारण की गई कि उसके आतंकवादियों के साथ अब भी संबंध हैं।

### फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद को एंजेल्स डायमंड स्टेटस

**नई दिल्ली।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के न्यूरोलॉजिकल विभाग को वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइज़ेशन (डब्ल्यूएसओ) की ओर से एंजेल्स डायमंड स्टेटस प्रदान किया गया है। इसकी कमान डॉ कुणाल बहरानी, डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी, के हाथों में है। अस्पताल के न्यूरोलॉजिकल विभाग द्वारा स्ट्रोक मरीज़ों के लिए स्तरीय और विस्तृत देखभाल की उन्नत सुविधाओं के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए डब्ल्यूएसओ ने यह सम्मान दिया है। डॉ कुणाल बहरानी ने कहा, 'यह पुरस्कार, स्ट्रोक केयर एवं स्ट्रोक से बचाव के लिए फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के योगदान को मान्यता प्रदान करता है। अस्पताल में स्ट्रोक के सटीक निदान और इलाज के लिए उन्नत मेडिकल टेक्नोलॉजी उपलब्ध है जो मरीज़ों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करती है। कोविड के बाद से हमने स्ट्रोक संबंधी मामलों में बढ़ोतरी देखी है, लिहाज़ा श्रेष्ठ स्ट्रोक रिस्पॉन्स सेवाओं की आवश्यकता अब पहले से भी ज्यादा है।

# प्रतिबंधों के बावजूद ईरान परमाणु गतिविधियां रखेगा जारी

**तेहरान (आईएएनएस)।** ईरान के परमाणु प्रमुख मोहम्मद एस्लामी ने कहा है कि एकतरफा क्रूर प्रतिबंधों के बावजूद, देश ईरानी लोगों की भलाई को बढ़ावा देने के लिए परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शांतिपूर्ण गतिविधियां जारी रखेगा।



□ परमाणु एजेंसी प्रमुख मोहम्मद एस्लामी ने कहा

ईरानियन स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के अध्यक्ष एस्लामी ने सोमवार को ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के 67वें आम सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ईरान योजना के अनुसार परमाणु अनुसंधान रिएक्टरों, त्वरक और विकिरण प्रणालियों के शांतिपूर्ण डिजाइन और विकास जारी रखेगा, और 2040 तक अपनी परमाणु बिजली उत्पादन को प्रति वर्ष 20 हजार मेगावाट तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान आईएईए और परमाणु अप्रसार संधि के साथ हुए सुरक्षा उपायों के समझौते के तहत अपने दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध है। उसने एजेंसी के लिए देश के परमाणु कार्यक्रम का सत्यापन आसन बनाने में सक्षम बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है।

उन्होंने आगे कहा, तेहरान को गंभीरता से उम्मीद है कि आईएईए ईरान की गतिविधियों पर अपनी सत्यापन रिपोर्ट में तटस्थता और व्यावसायिकता बनाए रखेगा, इस संबंध में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाएगा और दोनों पक्षों के बीच कई मतभेदों से संबंधित मामले को जल्द से जल्द बंद कर देगा। ईरान ने जुलाई 2015 में विश्व शक्तियों के साथ परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के रूप में जाना जाता है। इसमें वह देश पर प्रतिबंधों को हटाने के बदले में अपने परमाणु कार्यक्रम पर कुछ अंकुश लगाने पर सहमत हुआ था। हालांकि, अमेरिका ने मई 2018 में समझौते से हाथ खींच लिया और तेहरान पर अपने एकतरफा प्रतिबंध फिर से लगा दिए। मजबूरन ईरान ने भी समझौते के तहत अपनी कुछ परमाणु प्रतिबद्धताओं को छोड़ दिया।

## राजस्थान के गृह राज्यमंत्री के ठिकानों पर ईडी के छापे

**कोटपूतली (एसएनबी)।** प्रदेश के गृह राज्यमंत्री के ठिकानों पर ईडी की टीमों ने छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार मंत्री के रिश्तेदारों के यहां भी दिल्ली से आई टीमों पहुंची हैं। ईडी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई मुख्य रुप से बहरोड़-कोटपूतली में की जा रही है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भी सालभर पहले 7 सितम्बर 2022 को मंत्री राजेन्द्र यादव के 53 ठिकानों पर रेड डाली थी। राजेन्द्र यादव के एजुकेशन संबंधी कई बिजनेस हैं। सालभर पहले इनकम टैक्स विभाग ने जहां रेड डाली थी। वहीं अब ईडी की टीमों ने छापेमारी की है। दरअसल, राजस्थान सरकार में गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव की कोटपूतली में पोषाहार बनाने की फैक्ट्री है। कथित तौर पर उसमें पैसे को लेकर धांधली होने की सूचना पर कार्रवाई की गई है।

कोटपूतली में राजस्थान फ्लेक्सिबल पैकेजिंग फैक्ट्री के नाम से कंपनी है। इसमें पैकेजिंग के लिए कट्टे बनाए जाते हैं। 7 सितंबर, 2022 को इनकम टैक्स की रेड के वक्त मिड-डे मील सप्लाई गड़बड़ी से जुड़ा मामले में यह फैक्ट्री रडार पर थी।

# ट्रूडो के आरोपों के बारे में जानकारी नहीं थी

□ **टोरंटो (भाषा)।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के प्रीमियर का कहना है कि भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी और इनके सार्वजनिक होने से महज एक घंटे पहले ही उन्हें इन आरोपों के बारे में पता चला।

ब्रिटिश कोलंबिया में ही खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। इस प्रांत के प्रमुख डेविड एबी की टिप्पणियां तब आईं जब उन्होंने सोमवार को प्रधानमंत्री ट्रूडो से मुलाकात की। उसी दिन कुछ खालिस्तान समर्थकों ने वैंकूवर, ओटावा और टोरंटो में भारतीय मिशनों के बाहर प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने बताया कि उन्हें भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री के इस आरोप के बारे में, उसके सार्वजनिक होने से करीब एक घंटे पहले ही पता चला कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ हो सकता है।

□ कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के प्रमुख ने कहा

□ बोले, सार्वजनिक होने से महज एक घंटे पहले ही आरोपों के बारे में पता चला

45 वर्षीय निज्जर की 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में सरे स्थित एक गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी। भारत ने निज्जर को 2020 में आतंकवादी घोषित किया था। प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। इस घटनाक्रम के बाद भारत और कनाडा के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं। एबी ने कहा कि वह चाहते हैं कि संघीय सरकार प्रांतों के साथ सुरक्षा संबंधी खुफिया जानकारी साझा करे। 'सीटीवी न्यूज' ने सोमवार को एबी के हवाले से कहा, प्रांतों को प्रारंभिक चरण में ही जानकारी दी जाए, यह बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा "कानून के अनुसार, सीएसआईएस (कनाडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेन्स सर्विस) अपनी खुफिया जानकारी केवल संघीय सरकार के साथ ही साझा करती है। इसका मतलब है कि जब उन्होंने मुझे बताया कि उन्होंने क्या किया है, तो वह सब पब्लिक डोमेन में पहले से ही था। यह मददगार नहीं है। मैं तो यह अखबारों में भी पढ सकता हूं।

ट्रूडो के आरोपों के बाद एबी ने कहा कि वह इस जानकारी से बेहद परेशान और नाराज हैं। ट्रूडो ने सोमवार को एबी से मुलाकात की थी। ट्रूडो के कार्यालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने इस बात पर चर्चा की कि सभी सरकारें कनाडा के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर और लगातार काम कैसे कर सकती हैं। उनकी बातचीत के विषयों में जन सुरक्षा तथा अन्य मुद्दे शामिल थे। शुक्रवार को ट्रूडो ने कहा था कि कनाडा ने निज्जर की हत्या पर सबूत 'कई सप्ताह पहले' भारत के साथ साझा किए थे। उन्होंने कहा था कि वह चाहते हैं कि नई दिल्ली इस 'अत्यंत गंभीर मामले' में तथ्यों को स्थापित करने के लिए ओटावा के साथ रचनात्मक रूप से प्रतिबद्ध हो।

# आर्मेनिया में गैस स्टेशन पर विस्फोट, 20 मरे

**येरेवान (एपी)।** आर्मेनिया के नागोर्नो-काराबाख में अलगाववादी प्राधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि एक गैस स्टेशन पर विस्फोट में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और करीब 300 लोग घायल हो गए। घटना उस वक्त हुई जब क्षेत्र छोड़कर जा रहे वहां के निवासी अपनी कारों में ईंधन भरवाने के लिए कतार में खड़े थे।

□ 290 लोगों को अस्पताल में कराया भर्ती



पृथक क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि क्षेत्र की राजधानी स्टेपानाकर्ट के बाहरी इलाके में स्थित गैस केंद्र पर सोमवार देर रात को हुए विस्फोट के बाद 13 शव मिले हैं और घायल सात लोगों ने दम तोड़ दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि 290 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र में तीन दशक तक अलगाववादियों का शासन रहा। पिछले सप्ताह अजरबैजान की सेना द्वारा अभियान चलाकर क्षेत्र पर पूर्ण दावा करने के बीच हजारों की तादाद में नागोर्नो-काराबाख निवासी पलायन कर आर्मेनिया पहुंच रहे हैं। इसी बीच विस्फोट की यह घटना हुई।

अजरबैजान की सेना ने पिछले हफ्ते 24 घंटे के हमले में आर्मेनिया की सेना को हरा दिया, जिससे अलगाववादी अधिकारियों को हथियार डालने पड़े और तीन दशकों के अलगाववादी शासन के बाद नागोर्नो-काराबाख के अजरबैजान में 'पुनः एकीकरण' पर बातचीत शुरू करने के लिए सहमत होना पड़ा। अजरबैजान ने क्षेत्र में मूल आर्मेनियाई लोगों के अधिकारों का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जतायी है और 10 महीने की नाकाबंदी के बाद आपूर्ति बहाल करने का वादा किया है, लेकिन कई स्थानीय निवासियों को डर है कि उन्हें प्रतिशोध का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे लोग आर्मेनिया से बाहर जाने की तैयारी कर रहे हैं। आर्मेनिया की सरकार ने कहा कि सोमवार शाम तक 6,500 से अधिक नागोर्नो-काराबाख निवासी आर्मेनिया से पलायन कर चुके हैं। रूस ने कहा कि नागोर्नो-काराबाख में रूसी शांतिरक्षक पलायन में लोगों की मदद कर रहे हैं। सोमवार रात तक शांतिरक्षकों के शिविर में करीब 700 लोग थे।

# सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर जयशंकर ने की गुटेरेस से चर्चा

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष नेतृत्व के साथ मुलाकात की और भारत की जी20 अध्यक्षता, क्षेत्रीय मामलों एवं वैश्विक चुनौतियों, सतत विकास लक्ष्यों और सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर उनके साथ चर्चा की।

□ 'अफगानिस्तान, म्यांमार में हालात और अन्य वैश्विक चुनौतियों को भी उठाया



जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय सत्र में आम बहस को संबोधित करने से एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरेस और महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस से वैश्विक संगठन के मुख्यालय में सोमवार को मुलाकात की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के प्रशासक अचिम स्टीनर से भी मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि गुटेरेस से मिलकर 'खुशी' हुई। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने इस बात पर चर्चा की कि भारत की जी20 अध्यक्षता ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के एजेंडे को 'मजबूत करने में किस प्रकार योगदान' दिया।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'हमने पिछले साल इस संबंध में निकट समन्वय किया।' उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं में सुधार को लेकर गुतारेस की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता के कार्यालय ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि गुतारेस ने 'संयुक्त राष्ट्र में भारत के सहयोग और जी20 में उसके नेतृत्व की सराहना की।' उसने बताया कि गुतारेस और जयशंकर ने 'अफगानिस्तान, म्यांमार में हालात और अन्य वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा' की।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान नौ और 10 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। जयशंकर ने गुतारेस से मुलाकात से पहले फ्रांसिस के साथ भी बैठक की और भारत की जी20 अध्यक्षता के परिणामों की सराहना करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। जयशंकर ने कहा, भरोसा है कि यह संयुक्त राष्ट्र महासभा के विचार-विमर्श में योगदान देगा। बहुपक्षवाद में सुधार और हमारे समय के अहम मुद्दों पर 'ग्लोबल साउथ' को उसका हक दिलाने की महत्ता पर चर्चा हुई।

# प्रचंड का जिनपिंग की सुरक्षा पहल को समर्थन से इनकार

**बीजिंग (भाषा)।** इस समय चीन की यात्रा कर रहे नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने जाहिर तौर पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सुरक्षा संबंधी मत का समर्थन करने से इनकार कर दिया है। हालांकि दोनों देशों ने अपनी सीमा का संयुक्त निरीक्षण करने की सहमति जताई है।

□ हालांकि दोनों देशों ने अपनी सीमा का संयुक्त निरीक्षण करने की सहमति जताई

प्रचंड की शी और चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग से वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में शी द्वारा प्रस्तावित वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) का ही उल्लेख किया गया है, लेकिन उनके दो अन्य सिद्धांतों- वैश्विक सुरक्षा पहल (जीएसआई) तथा वैश्विक संस्कृति पहल (जीसीआई) का कोई उल्लेख नहीं है। प्रचंड की ली से वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया, नेपाली पक्ष चीन द्वारा प्रस्तावित जीडीआई का समर्थन करता है और जीडीआई के मित्र समूह में शामिल होने पर विचार करेगा।

आठ दिवसीय चीन यात्रा में प्रचंड ने इससे पहले 23 सितम्बर को हांगझोऊ में एशियाई खेलों से इतर शी से मुलाकात की थी। अपनी चीन यात्रा से पहले प्रचंड ने कहा कि संयुक्त सुरक्षा की वकालत करने वाला जीएसआई भारत, चीन और अमेरिका के बीच रणनीतिक संतुलन बनाये रखने के लिहाज से नेपाल के हित में नहीं है। नेपाल से मिली खबरों के अनुसार प्रचंड ने शी की नयी पहल जीएसआई और जीसीआई का समर्थन करने से परहेज किया है, वहीं जीडीआई का समर्थन किया है। काठमांडू पोस्ट की सोमवार की खबर के अनुसार चीन के हांगझोऊ शहर के लिए रवाना होने से पहले प्रचंड ने न्यूयॉर्क में कांतिपुर अखबार को दिये साक्षात्कार में सुरक्षा संबंधी गठजोड़ में नेपाल के शामिल होने की संभावना को साफतौर पर खारिज कर दिया था।

## बाइडन ने अमेरिका को चीन पर बहुत अधिक निर्भर बनाया : हेली

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की दावेदार निक्की हेली ने आरोप लगाया कि देश के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका को साम्यवादी चीन पर 'बहुत अधिक निर्भर' बना दिया है।

हेली ने सोमवार को ओकलाहोमा सिटी में 'हैम इंस्टीट्यूट फॉर अमेरिकन एनर्जी' द्वारा आयोजित 'अमेरिकी ऊर्जा सुरक्षा शिखर सम्मेलन' में कहा, 'उन्होंने (बाइडन ने) अमेरिका को साम्यवादी चीन पर बहुत अधिक निर्भर बना दिया है। महामारी ने साबित कर दिया कि हमें महत्वपूर्ण आपूर्ति के लिए दुश्मन देश पर कभी निर्भर नहीं रहना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'हम जो उन्नत प्रौद्योगिकी विकसित करना चाहते हैं, उसके लिए हमारे पास सभी संसाधन हैं और हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए खुद को कमजोर बनाने की जरूरत नहीं है। हमारे देश को अधिक स्वच्छ, अधिक स्वस्थ और अधिक खुशहाल बनाने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम अमेरिकी ऊर्जा का कम नहीं, अपितु अधिक उपयोग करें।' हेली ने कहा, 'चीन एकमात्र ऐसा देश नहीं है जिसे मैं जिम्मेदार ठहराऊंगी। मैं हर उस शत्रु के खिलाफ खड़ी रहूंगी, जो अपनी ऊर्जा शक्ति का इस्तेमाल हमारे विरुद्ध करता है।

□ कहा, हमें महत्वपूर्ण आपूर्ति के लिए दुश्मन देश पर कभी निर्भर नहीं रहना चाहिए

# कनाडा : भारतीय दूतावास पर खालिस्तानी प्रदर्शन

**टोरंटो (आईएएनएस)।** कट्टरपंथी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप के बाद कनाडा के वैंकूवर, ओटावा और टोरंटो शहरों में कई खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावासों के बाहर विरोध-प्रदर्शन किए। भारत में नामित आतंकवादी निज्जर को इस साल 18 जून को सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई थी। कनाडा भर के खालिस्तानियों ने उसकी मौत के लिए भारतीय राजनयिकों को जिम्मेदार ठहराया था।

□ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात




सीबीसी न्यूज आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार, वैंकूवर शहर में लगभग 75 लोग सोमवार को भारत के महावाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तानी समर्थक नारे लगाते हुए एकत्र हुए, जहां गीली जमीन पर रखे गए एक बड़े तिरंगे झंडे पर खड़े होकर लोगों ने प्रदर्शन किया। वैंकूवर पुलिस ने खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आह्वान पर आयोजित प्रदर्शनन की आशंका में होवे स्ट्रीट के 300 ब्लॉक को बंद कर दिया था। भारी पुलिस बल उपस्थिति में प्रदर्शन हुआ। एक सिख-कनाडाई पत्रकार मीरा बैंस ने एक्स पर विरोध-प्रदर्शन का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर को चप्पलों की माला पहनाई गई थी। उन्होंने लिखा, वैंकूवर में होवे स्ट्रीट पर भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। अब तक कुछ दर्जन लोग लेकिन झंडे, संकेत, लाउड स्पीकर और कार्डबोर्ड पर पीएम मोदी की छवि के साथ बहुत संगठित हैं। एसएफजे के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू, जिस पर 2019 में भारत द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया था, वैंकूवर में विरोध-प्रदर्शन के दौरान भी मौजूद था। उसने कहा कि वह यहां आज दुनिया में हर भारतीय वाणिज्य दूतावास को बंद करने के लिए आया हैं क्योंकि भारतीयों का पर्दे के पीछे का चेहरा सामने आ गया है। एक सप्ताह पहले विरोध-प्रदर्शन की घोषणा करते हुए पन्नू ने कहा था कि वह उच्चायुक्त संजय वर्मा को निष्कासित करने की भी मांग करेगा।

# संशोधित आईटी नियमों पर उठाए सवाल

**मुंबई (भाषा)।** बंबई हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों के खिलाफ हाल ही में संशोधित आईटी नियम 'दिशानिर्देशों और नियंत्रण' के अभाव में सरकारी अधिकारियों को 'निरंकुश शक्ति' देते हैं।

केंद्र सरकार ने अदालत को आश्वासन दिया कि नए नियम स्वतंत्र अभिव्यक्ति या सरकार को निशाना बनाने वाले हास्य और व्यंग्य पर अंकुश लगाने के लिए नहीं हैं, और किसी को भी प्रधानमंत्री की आलोचना करने से नहीं रोकते हैं। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स द्वारा नियमों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में उन्होंने नियमों को मनमाना और असंवैधानिक बताया और दावा किया कि उनका नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भयानक प्रभाव पड़ेगा। अदालत ने मंगलवार को जानना चाहा कि जब पीआईबी पहले से ही सोशल मीडिया पर तथ्य-जांच कर रहा है तो एक अलग तथ्य जांच इकाई के लिए संशोधन और प्रावधान की क्या आवश्यकता है।



□ बंबई हाईकोर्ट ने पूछा, जब पीआईबी पहले से ही सोशल मीडिया पर तथ्य-जांच कर रहा है तो एक अलग तथ्य जांच इकाई के लिए संशोधन की जरूरत क्या है

न्यायमूर्ति पटेल ने कहा, सरकार के पास एक पीआईबी है जिसकी सोशल मीडिया पर मौजूदगी है। फिर इस संशोधन की आवश्यकता क्यों पड़ी और एफसीयू की स्थापना क्यों की गई? मुझे लगता है कि यह संशोधन कुछ और करना चाहता है। केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, पीआईबी शक्तिहीन है और वह इस बिंदु पर बुधवार को बहस करेंगे। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य सरकार या यहां तक कि प्रधानमंत्री के खिलाफ स्वतंत्र भाषण, राय, आलोचना या व्यंग्य पर अंकुश लगाना नहीं था, बल्कि एक ऐसे माध्यम से निपटने के लिए एक संतुलन तंत्र बनाना था जो 'बेकाबू और अनियंत्रित' था।

मेहता ने कहा, आईटी नियम स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने से बिल्कुल भी संबंधित नहीं हैं। सरकार किसी भी प्रकार की राय, आलोचना या तुलनात्मक विश्लेषण को प्रतिबंधित या रोकने की कोशिश नहीं कर रही है...वास्तव में हम उनका स्वागत करते हैं, उन्हें प्रोत्साहित करते हैं और उनसे सीखते हैं। उन्होंने कहा, सरकार स्वतंत्र भाषण, राय, हास्य या व्यंग्य के पीछे नहीं जा रही है। यह आईटी नियमों के दायरे में नहीं है। नियम केवल एक प्रणाली स्थापित करते हैं। एक संतुलन तंत्र प्रदान किया गया है। पीठ ने हालांकि टिप्पणी की कि नियम 'अत्यधिक व्यापक' हैं और बिना किसी दिशानिर्देश के हैं। न्यायमूर्ति पटेल ने कहा, सच्चाई क्या है इस पर बिना किसी जांच और संतुलन के सरकार एकमात्र मध्यस्थ है। मूलतः, फैक्ट चेकर की जांच कौन करेगा? हमें अंतिम मध्यस्थ के रूप में तथ्य जांच इकाई पर भरोसा करना होगा।

# पाक-चीन दोस्ती में तनाव के संकेत

**इस्लामाबाद (भाषा)।** चीन ने अरबों डॉलर की लागत वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में सहयोग का और विस्तार करने से इनकार कर दिया है। यह बात मंगलवार को सामने आई, जो दोनों देशों के बीच दोस्ती में तनाव का संकेत देती है।



□ सीपीईसी के तहत ऊर्जा, जल, जलवायु प्रबंधन में पाकिस्तान के साथ सहयोग और बढ़ाने से चीन का इनकार

वहीं, नकदी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर में एक नया आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्र स्थापित करने पर अपना विरोध छोड़ दिया और चीन की चिंताओं को दूर करने के लिए उसकी कई मांगों पर सहमति व्यक्त की। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने सीपीईसी की 11वीं संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की बैठक के विवरण के हवाले से यह खबर जारी की। जेसीसी, सीपीईसी की रणनीतिक निर्णायक इकाई है और इसकी 11वीं बैठक पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज)-नीत सरकार के जोर देने पर पिछले साल 27 अक्टूबर को वर्चुअल तरीके से हुई थी। हालांकि, बैठक के बिंदुबार विवरण पर करीब एक साल बाद 31 जुलाई को चीन के उपप्रधानमंत्री हे लिफेंग की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किये गये।

खबर के अनुसार, इससे दोनों पक्षों में मतभेद सामने आ गया है, जिसकी वजह से सहमति बनने में बहुत देरी हुई है। पाकिस्तान के योजना मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच बैठकों के ब्योरे पर विचार-विमर्श करके और आम-सहमति बनाकर ही हस्ताक्षर करने की वैश्विक परिपाटी है। खबर के अनुसार, बीजिंग ने पाकिस्तान के साथ जो अंतिम मसौदा साझा किया और दोनों पक्षों ने बैठक के जिस अंतिम बिंदुवार विवरण पर हस्ताक्षर किये हैं, उनमें अंतर हैं। इसमें कहा गया है कि सीपीईसी के तहत ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में सहयोग और बढाने पर चीन की असहमति दोनों पक्षों के सामने आर्थिक संबंधों को गहरा करने में आ रहीं चुनौतियों को रेखांकित करती है।

# घूरेश्वर बाबा मंदिर कमेटी की तरफ से किया जा रहा भव्य मेले का आयोजन

**द अचीवर टाइम्स हिमांशु मिश्रा**





मलिहाबाद ।आपने देखा होगा कि कहीं नवरात्रि के पावन पर्व पर, जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में, सावन के महीने में कई जगहों पर मेले का आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार राजधानी लखनऊ के विकासखंड मलिहाबाद क्षेत्र अंतर्गत महमूद नगर ढाल गांव में घूरेश्वर बाबा मंदिर कमेटी की तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया गया है। यह मेला हर वर्ष भादो महीने के अंतिम बुधवार व बृहस्पतिवार को आयोजित होता है। लगभग एक शताब्दी से भी ज्यादा समय से यह मेला आयोजित होता चला आ रहा है। मेले में रामडोल फेरी समेत कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी मेला कमेटी के द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ किया जाता है। मेले में ग्रामीण व हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग पहुंचकर आयोजित कार्यक्रमों का लुफ्त उठाते हैं व मेले का मनोहर दृश्य देख आनंदित होते हैं। मेले के आयोजन में ग्रामीणों का भी सहयोग रहता है। इस मेले के आयोजन में मेला अध्यक्ष विजयकांत शुक्ला, चंद्रकांत शुक्ला उर्फ मुन्नू महाराज, यज्ञकांत शुक्ला, प्रशांत कुमार शुक्ला उर्फ सोनू शुक्ला, संतोष द्विवेदी, मनोज शुक्ला, हर्षित शुक्ला, शेखर शुक्ला, ऋषभ शुक्ला (उर्फ) सिब्बू भैय्या , रुद्राक्ष शुक्ला उर्फ शौर्य शुक्ला आदि लोगों का विशेष सहयोग है।

# एडाप्शन रेगुलेशन एक्ट के तहत एक दम्पति की भरी सूनी गोद,दम्पति के चेहरे पर आयी मुस्कान

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता प्रशांत अवस्थी**

गोंडा ।अपर पुलिस अधीक्षक ने भारत सरकार द्वारा जारी एडाप्शन रेगुलेशन एक्ट के तहत एक दम्पति की भरी सूनी गोद,दम्पति के चेहरे पर आयी मुस्कान

बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने भारत सरकार द्वारा जारी एडाप्शन एगुलेशन 2017 के तहत एक दम्पति को बच्चे को सुपुर्दगी में देकर उनकी सूनी गोद को हरा भरा किया ।आपको बता दें कि सम्पूर्ण कार्यवाही जेजे एक्ट, आईसीपीएस, 'कारा', एवं भारत सरकार द्वारा जारी एडाप्शन रेगुलेशन 2017 के अनुरूप बच्चे को दम्पत्ति को नियमानुसार दिया गया तथा बच्चे को गोद लेने वाले दम्पति को बच्चे का ख्याल रखने लिए परिजनो से समुचित माहौलः वातावरण में रखने, शिक्षण प्रशिक्षण, खेलकूद एवं मनोरंजन, स्वास्थ्य सम्बन्धित देखभाल, चिकित्सा सुरक्षा आदि का विशेष ख्याल रखने के लिए बताया। दम्पति ने बच्चे को पाकर खुशी का इजहार करते हुए सभी को धन्यवाद दिया तथा सभी को आश्वास्त किया कि वे बच्चे के परवरिश में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगें।



# चौपहिया वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

## पत्नी व बच्चा बाल बाल बचा



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता प्रिंस पांडेय**

मानपुर(सीतापुर)। इलाके में तेज रफ्तार अज्ञात चौपहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सी एच सी बिसवां भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक पर म्रतक की पत्नी व बच्चा भी सवार था। वे दोनों बाल–बाल बच गए।

ब्राह्मणी टोला बिसवां निवासी सच्चे मियां(40) अपनी पत्नी समीना व बच्चे के साथ बाइक से बिसवां अपने घर को आ रहा था। जैसे ही वह सीतापुर बिसवां मार्ग पर कटरा चौराहे के आगे पहुंचा, सामने विपरीत दिशा से तेज रफ्तार डाला ने जोरदार टक्कर मार दी। पत्नी और बच्चा बाइक से छिटककर दूर गिरे जबकि सच्चे मियां गाड़ी के नीचे आ गया। पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां भेजा जहा उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी दिलीप कुमार चौबे ने बताया मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# स्कूली छात्राओं को दी गई सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

**द अचीवर टाइम्स हिमांशु मिश्रा**





लखनऊ ।माल थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र के श्री महेश सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज में सेल्फ डिफेंस के बारे में बालिकाओं को विस्तृत जानकारी दी।

आपको बता दें कि क्षेत्र के लतीफपुर गांव स्थित श्री महेश सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज में माल प्रभारी निरीक्षक शमीम खां द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में सेल्फ डिफेंस के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

शमीम खां ने बताया कि असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए और उनको सबक सिखाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई ।इंस्पेक्टर ने बताया कि अक्सर देखने में आता है कि स्कूली एवं कॉलेज की लड़कियों को आते जाते कुछ असामाजिक तत्व तंज कसते हैं ।ऐसे असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए उनकी टीम स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं को खास तरह के दाव पेच सिखा रही है ताकि वह अपना सेल्फ डिफेंस कर और ऐसे सामाजिक तत्वों को मौके पर ही सबक सिखा सकें। उन्होंने बताया कि मौजूद छात्राओं एवं महिलाओं को महिला विरुद्ध अपराध, महिलाओं के अधिकार के बारे में भी जानकारी दी गई है। महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की जानकारी दी गई ।साथ ही महिलाओं को बताया गया है कि वह कैसे पुलिस सहायता ले सकती हैं ।इस मौके पर इस मौके पर विद्यालय संचालक धर्मपाल सिंह उर्फ (निरंजन) सहित शिक्षकः शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# अपने आस पास रखें साफ सफाई: डॉक्टर अरुण चौधरी

**द अचीवर टाइम्स हिमांशु मिश्रा**




लखनऊ ।बुधवार को संचारी रोग नियंत्रण को लेकर माल ब्लॉक सभागार में बैठक हुई। आपको बता दें कि बुधवार को ब्लॉक सभागार बीडीओ माल, सीएचसी अधीक्षक डॉ अरुण चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान की अध्यक्षता में संचारी अभियान को लेकर बैठक हुई। यह अभियान 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा ।इस बैठक में डॉक्टर अरुण चौधरी के द्वारा संचारी रोग के बारे में बताया गया, तथा उसके रोकथाम के उपाय भी बताए गए ।इस मौके पर अरुण चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने आस–पास नालियों की सफाई झाड़ियों का कटना कहीं और पानी इकठ्ठा न होने देना ।संचारी रोग जैसे डेंगू मलेरिया फाइलेरिया टाइफाइड आदि पानी जल जनित रोग है तथा इसका बचाव साफ सफाई ही है ।इस मौके समस्त प्रधान,सचिव, एडीओ पंचायत सुनील, एचईओ माल आरके पांडेय,यूनिसेफ से सादिक तथा सीडीपीओ श्रद्धा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# किशोरी के साथ छेडछाड करने का आरोपी, सरकारी रिवाल्वर छीनकर फायरिंग कर

## भागने के प्रयास में पुलिस मुठभेड़ में घायल

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

हरदोई अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह पिहानी पुलिस को दिए गए सख्त निर्देशों का नतीजा यह हुआ कि पिहानी पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। आरोपित को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के लिए पिहानी पुलिस जब आरोपित को ले जाने लगी तो पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी का ष्फायरिंग का जवाब फायरिंगष से देने का निर्देश पिहानी कोतवाली के इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल को याद आ गया। आरोपित ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग की तो जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग करके उसके पैर पर गोली मार दी।

आपको बताते चलें कि पिहानी क्षेत्रांतर्गत गणेश मूर्ति विसर्जन की शोभा यात्रा के दौरान एक 14 वर्षीय किशोरी के साथ छेडछाड की घटना से आहत किशोरी द्वारा आत्महत्या करने का प्रयास किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त प्रकरण में परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 554ध्23 धारा 354भादवि व 7ध8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था, संबंधित अभियुक्त अफजल पुत्र माजिद निवासी भाटनटोला कस्बा पिहानी' को थाना पिहानी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर आज शाम मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने हेतु तहसील शाहाबाद लेकर जाते समय ग्राम अहैमी हाट के निकट सरकारी वाहन के सामने रास्ते में मवेशियों का झुंड आने पर सरकारी वाहन को धीमा करने पर अभियुक्त अफजल द्वारा पीछे बैठे मुख्य आरक्षी से सरकारी रिवाल्वर छीनकर भागते हुए पुलिस टीम पर फायर कर दिया, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिसमें दाहिने पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी शाहाबाद ले जाया गया, सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, क्षेत्राधिकारी हरियावां द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण घटनास्थल किया गया।



# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली देहात के विवेचकों का किया अर्दली रूम





**द अचीवर टाइम संवाददाता प्रशांत अवस्थी**

गोंडा ।पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने थाना को०देहात पहुंच कर अर्दली रूम चेक किया। जिसमें समस्त उप निरीक्षक गण उपस्थित रहे विवेचना के निस्तारण एवं क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने व आगामी त्योहारों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

आपको बता दें कि एसपी गोंडा अंकित मित्तल ने थाने का निरीक्षण कर थाने का अर्दली रूम चेक किया।

जिसमें सभी पुलिसकर्मी उप निरीक्षक गण उपस्थित रहे विवेचना का निस्तारण एवं क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आगामी त्योहारों के संबंध में थाना प्रभारी सभी उप निरीक्षक व पुलिस के पुलिस गानासभी उप निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।जैसे ही एसपी अंकित मित्तल थाना परिसर में पहुंचे वहां मौजूद सभी पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया सभी अपने–अपने ड्यूटी स्थान पर पहुंच गए हैं एसपी पहुंचे थाने परिसर कई आगामी त्यौहार को लेकर क्षेत्र में सतर्कता बरतने को व क्षेत्र के धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की बैठक करने के थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# घायलों का हाल जानने चिकित्सालय पहुचे डीएम व एसपी

बहराइच 27 सितंबर। राष्ट्रीय राज्य मार्ग बहराइच–गोण्डा पर खुटेहना के निकट बस व ट्रैक्टर–ट्राली के बीच हुई भिड़ंत में जनपद बहराइच के ग्राम रामनगर डीहा थाना रामगांव के शिवम आयु 8 वर्ष, कोतवाली देहात के ग्राम रंजीतपुर की सना आयु 01 वर्ष, थाना विशेश्वरगंज के ग्राम सरबदी निवासी अर्पित आयु 10 वर्ष व शिवराज आयु 35 वर्ष, जनपद गोण्डा के ग्राम नेवादा की मीना आयु 50 वर्ष व पटेल नगर की समा आयु 35 वर्ष तथा जनपद बेगूसराय के थाना शांहपुर के ग्राम टीहा निवासी गौरव आयु 16 घायल हुए थे जिसमें से शिवम, सना व मीना की मृत्यु हो गयी। पूर्वान्ह में हुई सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को तत्काल मौके पर भेजकर घायलों को महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय भर्ती कराया। साथ ही प्राचार्य मेडिकल कालेज व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि सभी घायलों के इलाज हेतु माकूल बन्दोबस्त किये जाय।

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के साथ स्वयं चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का कुशल क्षेम पूछा तथा मौके पर मौजूद चिकित्सकों को निर्देश दिया कि इन्हें बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। डीएम ने मृतकों व घायलो के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढ़ांढस बंधाते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा घायलों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। जबकि दुर्घटना में मृत्यु लोगों के वारिसान को शासन द्वारा अनुमन्य आर्थिक सहायता भी नियमानुसार प्रदान की जायेगी।

चिकित्सालय में मौजूद एआरएम बहराइच प्रेम कुमार ने डीएम व एसपी को बताया कि परिवहन विभाग द्वारा किसी सड़क दुर्घटना में मरने वाले वयस्क व्यक्तियों के आश्रितों को रू0 7.50 लाख तथा अवयस्क मृतकों के आश्रितों को रू. 2.50 लाख तथा घायलों को उपचार हेतु रू. 05 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्राविधान है।

# दृढ़ निश्चय यदि हो संकल्प सिद्ध हो जाता है

**संवाददाता प्रिंस पांडेय**



2 अक्टूबर को रामलीला मैदान बिसवां में 11 बजे होने वाली शौर्य जागरण यात्रा व विशाल हिन्दू सम्मेलन को भव्यतम स्वरूप देने के लिए ग्राम जोगीपुर प्रखंड बिसवां में जिला सह संयोजक अंशुमान जी, जिला सुरक्षा प्रमुख नरेंद्र जी व प्रखंड अध्यक्ष राम अकबाल जी ने सभा को संबोधित कर उपस्थित हिंदू जनमानस से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वाहन किया।

जय जय श्री राम।
कृतार्थ मिश्र
विभाग सहमंत्री
विश्व हिन्दू परिषद
सीतापुर अवध प्रान्त

# सीवीओ के नेतृत्व में ग्राम पकरा देवरिया पहुंची पशु चिकित्सकों की टीम

## पशुओं को लगाये गये लम्पी रोग निरोधक टीके

बहराइच 27 सितम्बर। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पशु चिकित्सालय शिवपुर एवं मटेरा के पशु चिकित्सकों के दल ने ग्राम पंचायत पकरा देवरिया का भ्रमण कर ग्राम के पशुओं का स्वास्थ्य परिक्षण कर उन्हें लम्पी रोग निरोधक टीके लगाये गये तथा लम्पी रोग के लक्षणयुक्त 03 पशुओं का उपचार किया गया। ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान मीनादेवी ने बताया कि ग्राम में अब तक लम्पी रोग से किसी पशु की मृत्यु नहीं हुई।

ग्राम के भ्रमण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रसाद ने पशुपालकों को बताया कि लम्पी रोग विषाणुजनित रोग होने के कारण इसका कोई उचित उपचार नही है। कृषकों को सलाह दी जाती है कि लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकट के पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करें। बुखार को स्थिति में पशु चिकित्सक की सलाह से ज्वर नाशक यथा पैरासीटामोल एवं एन्टीवायोटिक आदि औषधियों का प्रयोग करें। सूजन एवं चर्म रोग की स्थिति में उचित दवाईयों का लेप लगाए, घावों को मक्खियों से बचाने हेतु नीम की पत्ती, मेंहदी पत्ती, लहसुन, हल्दी पावडर को नारियल तेल में लेप बनाकर प्रयोग करें।

कृषकों को सलाह दी गई है कि लक्षणयुक्त पशु के आवागमन को प्रतिबन्धित करें, दूसरे स्वस्थ पशु से अलग रखें, पशुओं को कीटों से बचाव हेतु बाड़े तथा पशुखलिहान को फिनायलः सोडियम हाइपोक्लोराइट इत्यादि का छिड़काव कर उचित कीटाणु शोधन करें। बीमार पशु की देखभाल करने वाले व्यक्ति को स्वस्थ पशुओं के बाड़े से दूर रखें। सर्वप्रथम स्वस्थ पशुओं को चारा व पानी दें, फिर बीमार पशुओं को दें। बीमार पशुओं को प्रबन्धन करने के पश्चात् हाथ साबुन से अवश्य धोयें।

सीवीओ द्वारा पशुपालकों को यह भी सुझाव दिया गया है कि रोग प्रकोप के समय पशुओं को सामूहिक चराई, पशु मेला एवं प्रदर्शनी में न भेजे तथा बीमार एवं स्वस्थ पशु को एक साथ चारा–पानी न कराएं। रोग प्रकोप के समय क्या न करें के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया है कि प्रभावित क्षेत्रों से पशु खरीद कर न लाएं। यदि किसी पशु की मृत्यु होती है तो शव को खुले में न फेंके बल्कि वैज्ञानिक विधि से दफनायें। रोगी पशु के दूध को भी बछड़े को न पिलाएं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।